डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
25 मार्च 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
35 अधिकतम
21 न्यूनतम



Page-7

## सीएम के जन्मदिन पर आज कई कार्यक्रम, कुष्ठ आश्रम पहुंचकर की दिन की शुरुआत

# 1100 करोड़ के औद्योगिक प्रोजेक्ट्स की नींव, रिटर्न गिफ्ट देने निकले मुख्यमंत्री



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र के मुखयमंत्री मोहन यादव आज अपना 60वां जन्मदिन मना रहे है इस मौके पर उन्हें कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बधाई दी। वे आज का दिन सेवा और विकास कार्यों की सौगातों के रूप में मनाने निकले हैं। सीएम आज कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमिपूजन और शिलान्यास कर रहे हैं। इससे प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास को नई रफ़्तार मिलेगी। यादव आज भोपाल होते हुए दोपहर को उज्जैन पहुंचेंगे और करोड़ों रूपये की परियोजनाओं की नींव रखेंगे, इनमें ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के भी कुछ करार हैं जिनके आज से धरातल पर उतरने की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

आज सबसे पहले सीएम यादव ने राजधानी में गांधीनगर के महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम पहुंचकर समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना। इसके बाद वे आगर मालवा के लिए रवाना हुए जहां, गो-कृपा कथा के समापन कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं तथा वहाँ भी कई विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। इसके बाद वे अपने गृहनगर उज्जैन पहुंचेंगे, जहाँ पर वे सेवा धाम आश्रम और ग्राम अंबोदिया के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे तथा औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और भूमिपूजन करेंगे, जिससे प्रदेश के युवाओं को रोज़गार के नए नए अवसर प्राप्त होंगे। बताया जाता है कि उज्जैन के विक्रम उद्योग पुरी, ताजपुर औद्योगिक क्षेत्र और मेडिकल डिवाइस पार्क में कुल 27 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा वे विक्रम उद्योगपूरी में 28.1 करोड़ रुपए की लागत से बने सामान्य अपशिष्ट उपचार केन्द्र का भी उद्घाटन करेंगे। इन सभी परियोजनाओं में कुल 1127 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे 4,700 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री देर शाम भोपाल आयेंगे।

**पीएम ने दी बधाई:** मुख्यमंत्री मोहन यादव के जन्मदिन के मौके पर उन्हें देश भर से बधाइयां मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। मोदी ने अपने संदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रदेश के विकास में उनके योगदान की प्रशंसा की। इसके अलावा प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों, भजापा नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत रूप से उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### जल पहुंचाने का संकल्प

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज 60 वर्ष के हो गए हैं। करीब डेढ वर्ष पहले उन्होंने यह पद संभाला था। वे अक्सर कहते आए हैं कि प्राचीनकाल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम अब पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है तो जल के स्पर्श से खेतों में फसलें लहलहाती हैं। मुख्यमंत्री ने हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का संकल्प भी लिया हुआ है। इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। वह हाल के दिनों में यादव की केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा के बाद सिरें चढ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश आकर देश की पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना केन-बेतवा का शिलान्यास किया।

## सांसदों के वेतन भत्ते बढ़े, अब मप्र के विधायकों की बारी

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने सांसदों और पूर्व सांसदों के वेतन और पेंशन भत्तों में करीब 24 फीसद बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया है तो जल्द ही मध्यप्रदेश में भी विधायकों को एक सौगात मिलने के आसार हैं। विधायकों को जल्द ही कर्ज लेने की सीमा दोगुनी करने पर फैसला हो सकता है. जिसके बाद विधायक घर के लिए 50 लाख और गाड़ी के लिए 30 लाख रुपए तक का लोन ले सकेंगे। विधानसभा की सदस्य सुविधा समिति ने लोन सीमा डबल करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। यहां मंजूरी के बाद कैबिनेट के जरिए इसे लागू किया जा सकता है। अभी घर के लिए 25 लाख और गाड़ी के लिए 15 लाख रुपए तक लोन सीमा है। विधायक अगर पुरानी लिमिट तक लोन लेंगे तो उन्हें 4 फीसदी की दर से ब्याज देना होगा, शेष ब्याज राशि का भुगतान सरकार की ओर से किया जाएगा.

## दिल्ली सरकार का पहला बजट पेश, महिलाओं पर फोकस

**नईदिल्ली, एजेंसी**

23 साल बाद दिल्ली राज्य की सत्ता में लौटी भाजपा की सरकार ने आज पहला बजट पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा- पहली बार दिल्ली का बजट इस बार 1 लाख करोड़ रुपए का है। 23 में 78 हजार 800 करोड़ का बजट था। जबकि 24-25 का बजट घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रह गया। बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है। बजट से पहले भाजपा सरकार ने बजट के लिए जनता से सुझाव मांगे थे, जिसमें ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए 10,000 से ज्यादा सुझाव मिले थे। सीएम ने कहा- हमने 10 सेक्टर को आइडेंटिफाई किया है। इसमें बेसिक सुविधाओं के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस होगा। गर्भवती महिलाओं के लिए 210 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इसके जरिए गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। 5100 करोड़ महिला समृद्धि योजना के लिए है, 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे।

## लोकसभा में किसानों के मामले में भारी हंगामा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा कर दिया। विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी और हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही जारी रही लेकिन बाद में इसे कुछ समय के लिये स्थगित कर दिया गया। प्रश्नकाल के दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जवाब दे रहे थे तभी कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने खेती छोड़ रहे किसानों की बढ़ती संख्या को लेकर सवाल किया। शिवराज ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदम गिनाए। इस बीच विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और जोरदार हंगामा किया। इस पर स्पीकर ने कहा कि आप राज्य का राजनीतिक एजेंडा यहां सदन में लागू करना चाहते हैं तथा नियोजित तरीके से सदन में गतिरोध उत्पन्न कर रहे हैं। जब विपक्षी सदस्य सीट पर नहीं लौटे तो स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा कर दी।

### सियासी लोगों पर व्यंग्य का मामला

## कॉमेडियन कामरा ने कहा *माफी नहीं मांगूंगा,* रैना बोले- गलती हो गई

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर बनाए पैरोडी सॉन्ग विवाद के बाद अब कॉमेडियन कुणाल कामरा का पहला रिएक्शन आया है इसमें कुणाल ने साफ कहा है कि वह माफी नहीं मांगेंगे, मैंने जो कहा वह बिल्कुल वही है। यह कुछ ऐसा है जो अजित पवार ने एकनाथ शिंदे के बारे में कहा था। कामरा ने आगे कहा- मैं इस भीड़ से नहीं डरता और मैं अपने बिस्तर के नीचे छिपकर इस घटना के शांत होने का इंतजार नहीं करूंगा। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को कामरा का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे एक पैरोडी सॉन्ग गा रहे हैं। इसकी पहली लाइन 'ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय... है।' इसी पर विवाद हुआ। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा पर 24 मार्च को एफआईआर दर्ज हुई। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधानसभा में कहा- कॉमेडियन कुणाल कामरा की कॉल रिकॉर्डिंग, सीडीआर बैंक स्टेटमेंट की भी जांच की जाएगी। हम पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन है। इधर बृहन्मुंबई नगर निगम की टीम ने यूनीकॉन्टिनेंटल होटल पर कार्रवाई की। उधर, एक और स्टैंडअप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना ने इंडियाज गॉट लेटेंट शो से जुड़े मामले पर माफी मांग ली है। सूत्रों के मुताबिक, रैना ने महाराष्ट्र साइबर सेल को दिए गए बयान में कहा- शो के दौरान जो कुछ भी हुआ उसके लिए माफी मांगता हूं। भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए वह अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे।



## ट्रंप सरकार ने 44 हजार करोड़ के गोल्ड कार्ड 1 दिन में बेचे

### इसका उपयोग कर्ज कम करने में किया जाएगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर लॉन्च होने से पहले ही सुपर हिट हो चला है। अमेरिका के कॉमर्शियल सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया कि उन्होंने एक दिन में ही 1000 गोल्ड कार्ड बेच दिए हैं। एक गोल्ड कार्ड की कीमत 5 मिलियन डॉलर यानि करीब 44 करोड़ भारतीय रुपए है। एक दिन में ही 44 हजार करोड़ रुपए के गोल्ड कार्ड बेच दिए गए हैं। हॉवर्ड ने कहा कि लोग गोल्ड कार्ड लेने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। हालांकि, यह प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर करीब दो हफ्ते बाद शुरू होगा। इलॉन मस्क अभी इसके लिए सॉफ्टवेयर बना रहे हैं। ट्रम्प सरकार 10 लाख गोल्ड कार्ड का टारगेट लेकर चल रही है। प्रशासन का मानना है कि यह ज्यादा मुश्किल नहीं है, क्योंकि दुनिया में 3.7 करोड़ लोग ऐसे हैं जो इसे खरीद सकते हैं। अमेरिकी सरकार इस प्रोग्राम से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल देश के कर्ज को कम करने के लिए करेगी। ट्रम्प का कहना है कि गोल्ड वीजा कार्ड नागरिकों को ग्रीन कार्ड जैसा स्पेशल राइट देगा। इस नए वीजा प्रोग्राम से देश में निवेश बढ़ेगा।




## दो बसों में आग, क्लीनर की जिंदा जलकर मौत

**सिंगरौली, एजेंसी**

सिंगरौली में बस स्टेंड पर खडी दो बसों में आग लगने से एक मौत हो गई है। यह हादसा बीती देर रात हुआ। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दोनों बसें पूरी तरह जल चुकी थीं। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस के मुताबिक, सिंगरौली अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर विजय ट्रैवल्स की बस और सिद्दीकी बस सर्विस की बस आसपास खड़ी थीं। तभी विजय ट्रैवल्स की बस में अचानक आग लगी, जिसने सिद्दीकी बस को भी चपेट में ले लिया। हादसे के वक्त विजय ट्रैवल्स की बस में ड्राइवर जाहिद खान, कंडक्टर काशी पटेल और क्लीनर हरीश पनिका सो रहे थे। काशी ने जब बस में आग लगी देखी तो वह आवाज लगाते हुए आगे के गेट से, जबकि जाहिद पीछे वाले गेट से बाहर आए, लेकिन हरीश नहीं निकल पाया वह जिंदा जल गया।

## छत्तीसगढ़ में फिर नक्सलियों पर कसा घेरा, 5 को किया ढेर

**दंतेवाड़ा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर-नारायणपुर जिले की सरहद पर पुलिस और नक्सलियों के बीच आज फिर मुठभेढ़ चल रही है तथा अब तक 5 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है तीन 3 के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। नक्सलियों के बड़े कैडर्स की मौजूदगी की सूचना पर करीब 500 जवान कोर इलाके में घुसे हैं। सुबह 8 बजे से फायरिंग जारी है। पुलिस को सूचना थी कि इंद्रावती नदी के पार भारी संख्या में नक्सलियों का जमाव?ा है। इसी आधार पर दंतेवाड़ा और बीजापुर से जवानों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। खबरों के मुताबिक सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को घेर रखा है। अफसरों का कहना है कि ऑपरेशन पूरा होने के बाद ही असल स्थिति सामने आ पाएगी। उल्लेखनीय है कि चार दिन पहले भी इसी इलाके में सुरक्षाबलों ने तीस नक्सलवादियों को मार गिराया था।

## दो दिन बाद मालवा-निमाड़ में लू का अलर्ट



**भोपाल।** ओले-बारिश का दौर थमते ही मप्र के कई जिलों में गर्मी बढ़ गई है। पिछले 2 दिन से अधिकतम तापमान 39 डिग्री के पार है। रतलाम में लगातार दूसरे दिन पारा 39 डिग्री या इससे अधिक रहा। नर्मदापुरम में भी गर्मी के तेवर काफी तीखे हैं। अब मौसम विभाग ने 27 से 31 मार्च के बीच खासतौर पर मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू की संभावना जताई है। इन जगहों पर अभी तापमान 38 से 39 डिग्री के बीच है। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।

**मेट्रो एंकर**

### काम के घंटों पर विवाद पर अब इंफोसिस फाउंडर की पत्नी ने चुप्पी तोड़ी

# 70 घंटे से ज्यादा काम किया मूर्ति ने, जादू की छड़ी नहीं होती..



**बेंगलुरू, एजेंसी**

काम के घंटों को लेकर देश की दूसरी सबसे बडी आईटी कंपनी इन्फोसिस के को-फाउंडर एन. नारायण मूर्ति पिछले कुछ महीनों से आलोचकों के निशाने पर हैं। इसकी वजह यह है कि उन्होंने कुछ महीने पहले कहा था कि आज के युवाओं को सफल होने के लिए हर हफ्ते लगभग 70 घंटे काम करना चाहिए। इसका मतलब उन्हें हफ्ते में 5 दिन 14 घंटे काम करना होगा। उनकी इस बात से कई युवा नाराज हो गये हैं। उनका कहना है कि यह बहुत ज्यादा है। इससे उनकी निजी जिंदगी तबाह हो जाएगी। मगर अब इस बीच नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने पहली बार इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ी है। सुधा मूर्ति जानी-मानी लेखिका, शिक्षिका और समाजसेवी हैं। वह इंफोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और राज्य सभा सांसद भी हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन्फोसिस को बनाने में बहुत मेहनत लगी थी। सुधा मूर्ति ने कहा, कोई जादुई छड़ी नहीं थी जिससे इन्फोसिस इतनी बड़ी बन गई। यह सिर्फ कड़ी मेहनत, कुछ किस्मत और सही समय पर सही जगह पर होने का नतीजा था। मेर पति शुरुआती वर्षों में हफ्ते में 70 घंटे से भी ज्यादा काम करते थे। इंफोसिस के शुरूआती दिनों के बारे में सुधा मूर्ति ने बताया कि जब उनके पति इन्फोसिस शुरू करने में व्यस्त थे, तब उन्होंने परिवार पर ध्यान देने के लिए कॉर्पोरेट दुनिया से दूरी बना ली थी। उन्होंने कभी शिकायत नहीं की क्योंकि उनके पति एक 'बड़े' काम में लगे हुए थे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पति अकेले नहीं हैं जो इतना काम करते हैं। पत्रकारिता और मेडिकल जैसे क्षेत्रों में भी लोग अक्सर लंबे समय तक काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी सफलता पाने के लिए ज्यादा प्रतिबद्धता की जरूरत होती है। सुधा मूर्ति का मानना है कि जीवन के हर पढ़ाव में पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। इस दौरान सुधा मूर्ति ने साथ ही अपने करियर के बारे में कुछ बातें बताई। उन्होंने कहा कि वह अब भी अपने पति से ज्यादा काम करती हैं। उन्होंने कहा कि जैसे उन्होंने नारायण मूर्ति के मुश्किल समय में उनका साथ दिया, वैसे ही अब नारायण मूर्ति उनका साथ देते हैं।

### समय सीमित, इस्तेमाल का तरीका महत्वपूर्ण

सुधा मूर्ति ने यह भी कहा कि हर किसी के पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। चाहे कोई अमीर हो, गरीब हो, कैसा भी दिखता हो, सबके लिए समय एक जैसा ही होता है। सुधा मूर्ति ने कहा कि हम उन 24 घंटों को कैसे इस्तेमाल करते हैं, यही हमारी जिन्दगी तय करता है। अगर आप किसी चीज को दिल से चाहते हैं, तो उसके लिए समय देना पड़ता है और मेहनत करनी पड़ती है।

## बदला-बदला सा मौसम...


भोपाल. तापमान में आए बदलाव के कारण मौसम बदला-बदला सा नजर आ रहा है।

## चंदन का तिलक और गुलाब की पंखुड़ियों से सजी शाम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नेमा समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पदाधिकारीयों और समाजजनों ने चंदन का तिलक लगाकर और गुलाब की पंखुड़ियों से एक दूसरे का अभिवादन किया । गीत संगीत से सजी इस शाम में ड्रायफरूट की ठंडाई और व्यंजनों का आनंद भी सभी ने लिया। इस अनूठे और अद्भुत होली मिलन समारोह की पूरे वर्ष प्रतीक्षा रहती है, यह आयोजन नेमा समाज भोपाल का एक अभिनव अयोजन होता है। सचिव नीतेश नेमा ने बताया कि समारोह में किसी भी प्रकार के केमिकल युक्त रंग और गुलाल का प्रयोग नही होता है और ना ही किसी तरह का हुड़दंग रहता है। इस वर्ष वतर्मान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से राहुल गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया एवं पूर्व अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं समस्त कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल हेतु बधाई दी गई। इसके अलावा उदयपुरा निवासी बालिका सुरभि का आगामी 3 अप्रैल को किडनी ट्रांसप्लांट हेतु राशि एकत्रित कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

### मध्यप्रदेश का पहला प्रयोग, जल्द हो सकता है लोकार्पण

# रेल्वे स्टेशन पर अब पॉड होटल भी, सिंगल पैसेंजर से लेकर फैमिली तक ठहर सकेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के आरामदायक ठहराव के लिए निर्मित पॉड होटल पूरी तरह तैयार हो चुका है। यह अपनी तरह का प्रदेश के पहला पॉड होटल है। रेल अधिकारियों के अनुसार, इसका उद्घाटन 3 या 4 अप्रैल को होने की संभावना है। इस अवसर पर रेलवे के जीएम शोभना बंदोपाध्याय, डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। यह पाड होटल भोपाल के मुख्य रेल्वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर यह बनाया गया है, जिसमें दो तरह के पॉड उपलब्ध हैं, इसमें सिंगल और फैमिली पॉड शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किराया तय नहीं हुआ है, अगले दो दिन में इसका किराया तय हो जाएगा।

दरअसल,पॉड होटल को कैप्सूल होटल भी कहा जाता है, यह सबसे पहले जापान में विकसित किया गया था। इसमें छोटी-छोटी कैप्सूल नुमा इकाइयों में यात्रियों के ठहरने की सुविधा दी जाती है। यह उन यात्रियों के लिए आदर्श होता है जो किफायती दर पर ठहरने की सुविधा चाहते हैं। पॉड होटल में कम जगह में


भोपाल में नई स्टेशन बिल्डिंग में बन रहा है पॉड होटल

उच्च श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अफसरों का कहना है कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस पॉड होटल की योजना बनाई गई थी। नई बिल्डिंग 20 अक्टूबर 2019 को शुरू की गई थी और लगभग 6 साल बाद यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। इससे


मुबंई का पॉड होटल

पहले साल 2021 में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पहला पॉड होटल खोला गया था।

उल्लेखनीय है कि राजधानी होने की वजह से आसपास के बहुत से लोग करीबी शहरों से भोपाल अपडाउन करते हैं, या एक दो दिन किसी काम के लिये आते हैं। अथवा ब्रेक जर्नी करते हैं। उन्हें किफायती बजट में व कुछ ही समय के उपयोग के लिये अब भोपाल स्टेशन पर यह सुविधा यात्रियों के आरामदायक और किफायती ठहराव को सुनिश्चित करेगी। इसका किराया प्रति घंटे के हिसाब से तय किया जाएगा और यह 12 से 24 घंटे तक होगा। सिंगल पॉड का किराया और फैमिली पॉड का ि? कराया अलग होगा। सिंगल के मुकाबले फैमिली पॉड का किराया लगभग चार गुना होगा। इसमें टीवी और वाईफाई सुविधा भी मिलेगी। संभव है कि भोपाल में इसके प्रतिसाद के बाद कुछ अन्य बडे शहरों के स्टेशन पर भी ऐसी सुविधा विकसित होगी।

## एमवीएम के पूर्व छात्रों की चार क्विंटल फूलों से होली



**भोपाल।** शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 4 क्विंटल रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर होली खेली। शोले के गब्बर सिंह के डायलॉग 'होली कब है' की थीम पर आधारित होली मिलन समारोह में पूर्व छात्र ङ्क छात्रा रंग बरसे भीगे चुनर वाली.... होली खेले रघुवीरा अवध में.....आदि गीतों पर जमकर थिरकें। इस आयोजन में प्राध्यापक,शासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजनेता, समाज सेवी, व्यवसायी पूर्व विद्यार्थी के रूप में शामिल हुए। सभी ने कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया। संयोजक पूर्व छात्र डॉ.संतोष कटियार ने बताया कि कई दिन छात्रों के चेहरे से होली का रंग ही नही उतरता था। एलुमिनी अध्यक्ष सतीश रायजादा ने बताया कि होली के दौरान कक्षाएं भी ऑटोमेटिक सस्पेंड हो जाती थी । भोपाल और प्रदेश के विभिन्न शहरों से बसे पूर्व विद्यार्थी भी यहां मौजूद थे। कार्यक्रम में 1965 में निकले पहले बैच से लेकर 2020 तक के पासआउट छात्रों ने हिस्सा लिया।

## सिंनजास के सांस्कृतिक उत्सव के पदाधिकारी घोषित

**हिरदाराम नगर.** सिंधु नवजागरण समिति द्वारा चेतीचांद पर आयोजित सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले के व्यवस्था व स्वागत कार्यक्रम के लिए पदाधिकारी घोषित किए है। समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, महासचिव नरेश चोटरानी व संरक्षक माधु चांदवानी ने बताया कि 1 अप्रैल को रात 8 बजे से सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले का साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड पर आयोजन किया है। कार्यक्रम संयोजक रमेश वाधवानी व सुरेश चोटरानी को स्वागतध्यक्ष बनाया है। समिति द्वारा 36 वर्षो से चेतीचांद का पर्व मनाया जाता है। समिति ने चेतीचांद के दिन 30 मार्च को सिंधु समाज स्कूल से निकलने वाली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में शामिल होने और व्यापारिक से शोभायात्रा के दिन प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है।

## सिंधी महिला पंचायत ने 'सजग नर नारी' सम्मान से अलंकृत किया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

शहीद हेमू कालानी की जयंती एवं और महिला दिवस 'सजग नर-नारी' का सम्मान करके मनाया। सिंधी महिला पंचायत ने कई महिलाओं और पुरुषों का अलग-अलग से बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, गुरदास रामचंदानी, हीरो इसरानी, राज कुमार गर्ग, राज बिजोरिया, यश पाठक, जसवन्त राणा मोहन बेलानी भावना जगवानी, लवीशा असनानी, नीतू पासफुल,



क्षेत्रों से उपाधि हासिल करने वाले सजग नर नारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी मधु लालवानी ने दी अध्यक्ष किरण वाधवानी ने स्वागत भाषण दिया और हेमू कलानी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। वहीं कमलेश रायचंदानी द लायन सिटी के मुख्य अतिथि रहे उनका शॉल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप मालती इंदौरिया, शांता ठाकुर आदि का शॉल ओर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला पंचायत से किरण वाधवानी, मधु लालवानी, भावना कलवानी, भावना चंदनानी, नेहा आहूजा, नूतन लखवाणी, नैना वाधवानी, पद्मा उदासी शोभा शेवक्रमणी, मानसी गोलानी, लता लालवानी, जापानी साध्वानी मोहन बेलनी गोविंद राम वाधवानी , किरण श्रीवास्तव अशोक तनवानी के आर श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | **25-26 को भी रजिस्ट्रेशन, अमेरिका के डॉ.सिंह भी करेंगे फ्री ऑपरेशन**

# यूरोलॉजी शिविर : 2 दिन और कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में सोमवार से लगे 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर में 418 रोगियों ने इलाज के लिये पंजीयन कराया। शिविर का आयोजन जीव सेवा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है, इनमें 311 पुरूष, 107 महिला रोगी तथा 19 बच्चे शामिल हैं।

पेशाब की रूकावट के मरीजों की सुविधा के लिये अधिक मरीजों के पंजीयन की अवधि 2 दिन और ब?ा दी गई है। अब इन बीमारियों के रोगी 25 और 26 मार्च 2025 को भी प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक शिविर स्थल पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। शिविर में प्रोस्टेट, हायड्रोसिल, किडनी और ब्लेडर की पथरी, सर्कमसीशन, पेशाब की जलन आदि जैसी रोग व्याधियां के ऑपरेशन किए जाएंगे। मरीजों के रोग का परीक्षण, पैथालॉजी जांचें, एक्सरे




एवं सोनोग्राफी जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### यह चिकित्सक देंगे सेवाएं

अमेरिका के यूरोलाजिस्ट डॉ अमरसिंह भी शिविर में रोगियों के मुफ्त ऑपरेशन करेंगे। उनके अलावा डॉ जितेन्द्र अमलानी और डॉ अमीश मेहता राजकोट, डॉ दीपक राज्यगुरू मेहसाना, डॉ दर्शन शाह और डॉ नरेश हिमथानी अहमदाबाद, डॉ प्रवीण बालदानिया महुआ, डॉ नीरज शर्मा और डॉ विकास कौशिक दिल्ली, डॉ गौरव बवादिया सूरत, डॉ हीत अमलानी कोच्चि, डॉ कविता और डॉ श्याम लालचंदानी वडोदरा, डॉ दीपक झांग्यिनी मुंबई के अलावा भोपाल से डॉ सी.पी देवानी, डॉ सुधीर लोकवानी, डॉ जी.टी खेमचंदानी, डॉ टी.के ज्ञानचंदानी, डॉ दीपक जैन, डॉ लाल किशनानी, डॉ प्रीति मोतियानी, डॉ दिलीप चोटरानी और डॉ निखिल टेकवानी भी शिविर में भाग लेंगे। पंजीबद्ध रोगियों की संख्या का स्थानवार विवरण इस प्रकार है।

### कहां से कितने पंजीयन

शिविर में भोपाल जिले से 310, शुजालपुर से 29, नर्मदापुरम से 14, राजगढ़ से 08, विदिशा से 07, हरदा व रायसेन से 05-05, गुना से 04, बैतूल से 03, सागर से 02, आष्टा, बैरसिया, दमोह, देवास, ग्वालियर, इटारसी, सारंगपुर, सोहागपुर, भिं? से 01-01 अन्य राज्यों उतरप्रदेश से 2 तथा महाराष्ट्र और गुजरात से 01-01 रोगी ने ऑपरेशन के लिए पंजीयन करवाया है।

## चैतीचांद महोत्सव का न्योता दिया



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

विधायक रामेश्वर शर्मा से सिंधु समाज शोभा यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। विधायक को पुष्प वर्षा से स्वागत एवं आने को न्योता दिया। साथ ही 31 मार्च को दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आमंत्रित करने का आग्रह किया। विधायक से मुलाकात करने वालों में कार्यक्रम संयोजक कन्हैया लाल इसरानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के चन्द्र प्रकाश इसरानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, शेट्टी चंदनानी, नरेन्द्र लालवानी, मनोहर विधानी, सिंधु समाज अध्यक्ष मोहन लाल चंदनानी, रमेश विधानी, पुरषोत्तम हरचंदानी शामिल थे।

# महत्वपूर्ण संगठनों में समय रहते युवाओं का नेतृत्व लाना अत्यंत ही जरूरी: श्रीधर

**भोपाल , दोपहर मेट्रो**

वरिष्ठ पत्रकार-साहित्यकार तथा माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल के संस्थापक-संयोजक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर को हिन्दी साहित्य सम्मेलन,प्रयाग ने गत दिवस आणंद में हिन्दी जगत के सर्वोच्च सम्मान साहित्य वाचस्पति से सम्मानित किया है। श्रीधर को यह सम्मान 76वें अधिवेशन में दिया गया।

श्रीधर के साथ यह सम्मान संस्कृत विद्वान पूर्व कुलपति अभिराज राजेन्द्र मिश्र और सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति निरंजन कुमार पूरनचंद पटेल को भी प्रदान किया गया है।

उक्त सम्मान हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति आचार्य सूर्यप्रसाद दीक्षित और सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र ने प्रदान किया। इसके पूर्व पत्रकारिता और साहित्य में उनके योगदान का जिक्र हुआ। श्रीधर ने कहा कि सम्मेलन के जिस मंच पर ख?ा होना सौभाग्य का विषय हुआ करता है, वहां सम्मानित होना गौरव की बात है। उन्होंने समय रहते महत्वपूर्ण संगठनों में युवा नेतृत्व को सामने लाना भी आवश्यक बताया। श्रीधर को अधिवेशन के राष्ट्रभाषापरिषद के सभापति का भी दायित्व दिया गया।

ज्ञात हो कि सम्मेलन के इस सत्र के सभापति का दायित्व निभाने वालों में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भी शामिल रहे हैं। इसी तरह साहित्य वाचस्पति की मानद उपाधि ग्रहण करने वालों में महात्मा गांधी, मदनमोहन मालवीय, माधव राव सप्रे और कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जैसी विभूति भी हैं।

**साहित्य वाचस्पति सम्मान समारोह में किया संबोधित**




## सरकार लेकर आई थी नगर एवं ग्राम निवेश संशोधन विधेयक

# विधायक परमार रोते रहे, पास हुआ बिना मुआवजा जमीन लेने का विधेयक

**इसमें 500 करोड़ से बड़े प्रोजेक्ट के लिए ली जाएगी जमीन**

**विपक्ष का आरोप- किसानों को नुकसान होगा,सरकार का दावा- किसानों को भी इसमें बनाएंगे भागीदार**


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा कांग्रेस विधायक महेश परमार रोते रहे और सरकार ने बिना मुआवजा दिए 500 करोड़ या उससे अधिक लागत के विशेष प्रोजेक्ट के लिए बिना मुआवजा दिए जमीन लेने वाले विधेयक को पास करा लिया।

विधानसभा में सरकार ने मप्र नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक-2025 पेश किया तो विपक्ष ने इसे किसानों की जमीन हड़पने वाला बताया।

इस बीच उज्जैन से आने वाले कांग्रेस विधायक महेश परमार तो किसानों की पीड़ा बयां कर रोने लगे। नेता प्रतिपक्ष व अन्य ने इसे किसानों व जमीन मालिकों के साथ धोखा बताया। हालांकि सरकार ने कहा कि मुआवजे की जगह जिन लोगों से जमीन ली जाएगी उन्हें 50 फीसद जमीन विकसित करके देंगे। उधर कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा कि पहले से कानून है कि जमीन मालिकों की मर्जी के बिना जमीन नहीं ले सकते, फिर भी मनमानी की जा रही है।

विशेष क्षेत्रों व विकास की बात है तो इंदौर, देवास, सिंगरौली में हजारों किसानों की जमीन विकास के नाम पर ली और मुआवजा नहीं दिया। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने उज्जैन में जमीन अधिग्रहण का विषय रखा व कहा कि 5 हजार किसानों से उनकी हजारों हेक्टेयर जमीनें ली जा रही है, चिंता में कई किसान परिवार के सदस्यों ने खाना तक छोड़ दिया।

दूसरी तरफ सरकार का पक्ष रखते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार कभी ऐसा पाप नहीं करेगी, जिसमें जनता का अहित हो। यह संशोधन विधेयक उज्जैन सिंहस्थ की जमीन पर लागू नहीं होगा। पूर्व से चल रहे या सामान्य प्रोजेक्ट से भी इसका कोई लेना देना नहीं है।

यह उन क्षेत्रों के लिए होगा, जहां जीआइएस व रीजनल समिट में 30.77 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, उन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए विशेष क्षेत्र बनाकर काम करेंगे। ऐसे प्रोजेक्ट के लिए शर्त रखी है कि उनकी लागत 500 करोड़ या उससे अधिक हो। जमीन की जरुरत भी 40 हेक्टेयर या उससे अधिक हो। इसमें जमीन मालिकों को उनकी 50 फीसद जमीन विकसित करेंगे देंगे, वे उक्त प्रोजेक्ट में सहभागी बन सकेंगे।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने आलोट विधायक को दिया था नोटिस**

# इधर.. माफी नहीं मांगने पर अड़े विधायक चिंतामणि



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आलोट विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. चिंतामणि मालवीय अब माफी नहीं मांगने पर अड़ गए। उन पर सरकार की छवि को धूमिल करने के आरोप है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उन्हें दो दिन पहले नोटिस दिया है। जब चिंतामणि कल विधानसभा परिसर में मीडिया के सामने आए तो कहा कि नोटिस दिए जाने की जानकारी मिली है, लेकिन अधिकृत रूप से नोटिस नहीं मिला।

मैं जवाब दूंगा, लेकिन माफी मांगने जैसा कृत्य नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि विधायक ने बीते मंगलवार विधानसभा में उज्जैन में किसानों की जमीन को स्थाई रूप से अधिगृहित करने के आरोप लगाए थे। यह भी कहा था कि किसान डरे हुए हैं, उन्हें स्पिरिचुअल सिटी के नाम पर जमीन के स्थाई अधिग्रहण के नोटिस बांटे जा रहे हैं।

## किसानों की जमीन का स्थाई अधिग्रहण

ऐसा पहली बार हो रहा है जब सिंहस्थ से पहले किसानों की जमीन का स्थाई अधिग्रहण हो रहा है, पूर्व में अस्थाई अधिग्रहण होता था। यह कुछ कालोनाइजरों व माफिया का षडयंत्र है, जिसमें अफसर भी साथ दे रहे। वह पहले भी किसानों की जमीन हथियाने के आरोप लगा चुके।

# एमपी बोर्ड 12वीं का अंतिम पेपर आज सीबीएसई की परीक्षाएं 4 अप्रैल तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। दोने बोर्ड की कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। सीबीएसई की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सोमवार को संस्कृत और एमपी बोर्ड कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने राजनीति शास्त्र का पेपर दिया। इस दौरान कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। एमपी बोर्ड का 25 मार्च को 12वीं का अंतिम पेपर गणित का पेपर होगा। वहीं सीबीएसई का बायोलॉजी का पेपर होगा।?सीबीएसई की परीक्षाएं 4 अप्रेल तक आयोजित की जाएंगी। इधर दोनो ही बोर्ड का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया है। दसवीं की परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही मूल्यांकन कार्य में शिक्षकों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है।ऐसे में मूल्यांकन कार्य ने भी गति पकड़ी है।

रोजाना ऑनलाइन उपस्थिति के साथ कॉपियों की संख्या भी करानी होगी दर्ज

एमपी बोर्ड की परीक्षाओं के साथ ही दोनों कक्षाओं का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया है। 10वीं व 12वीं के 17 लाख विद्यार्थियों की 90 लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए करीब 40 हजार शिक्षकों को लगाया गया है। मूल्यांकन कार्य की धीमी गति को देखते हुए माशिमं ने कई अहम बदलाव भी किए हैं। इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की उपस्थिति को ऑनलाइन दर्ज करने की व्यवस्था की है। इसके लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जो सभी समन्वयक केंद्रों के पास होगा। सबसे पहले शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए मंडल ने सभी समन्वयक केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं कि

## 30 मार्च को होगी शासकीय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा

**भोपाल।** प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा 6 वीं की प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को होगी। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

## खजुराहो में निजी समूह को 19 एकड़ जमीन, किसानों के लिए सर्वे को मंजूरी

**भोपाल।** सरकार ने खजुराहो के राजगढ़ में एक निजी समूह को होटल व वेलनेस सेंटर के लिए 20 एकड़ जमीन देने की मंजूरी दी है। यह जमीन सरकारी दाम पर दी जाएगी। वहीं बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सर्वे को मंजूरी दी है। सोमवार को विधानसभा सत्र शुरू होने के पहले सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह मंजूरी दी।–

**विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक् में लिए निर्णय:** – जल निगम की 147 समूह पेयजल योजनाओं पर भी बात हुई। इनमें से 41 कार्यरत हैं, जबकि 106 पर काम चल रहा है। 11 योजनाओं में आंशिक रूप से लोगों को पानी दे रहे है। 2 वर्षों में 124 योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है।




**मेट्रो एंकर** 15-15 करोड़ रुपए की विकास निधि का मामला

# सीएम ने विधायकों से मांगे विजन डॉक्यूमेंट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सीएम मोहन यादव ने कहा है कि सभी विधायक, विधानसभावार विजन डॉक्यूमेंट बनाकर दें, विकास के लिए धन देंगे,कमी नहीं आएगी। दरअसल कल विधानसभा सत्र स्थगित होने के पहले मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सीएम को जन्मदिन की अग्रिम बधाई दी तो सत्तापक्ष व विपक्ष के विधायकों ने मेज थपथपाकर स्वागत भी किया। लेकिन विपक्ष के विधायकों ने इसी बीच कहा कि भाजपा के विधायकों को 15-15 करोड़ दे रहे, कांग्रेस के विधायकों को भी विकास निधि के लिए रुपये मिलने चाहिए, इसमें भेदभाव न हो। जिस पर सीएम ने उक्त बात कही।

सीएम ने बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर अध्यक्ष, सभी मंत्री परिषद के सदस्य, नेता प्रतिपक्ष विपक्षी सदस्यों और समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया व कहा कि इस सत्र में आखिरी दिन तक चर्चा हुई। यह स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रमाण है। वर्ष 2025 -26 के लोक कल्याणकारी बजट की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य पूंजीगत लक्ष्य को बढ़ाना, सड़क, सिंचाई और बिजली की सुविधाओं का विस्तार,



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं, अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही, प्रदेश में विकास का कारवां आगे बढ़ रहा, आगामी समय में बजट को दोगुना करेंगे। विपक्षी विधायकों द्वारा बजट में नई योजनाओं को लेकर किए सवालों का जिक्र करते हुए नई योजनाओं पर बात की। कहा कि सभी विधानसभाओं में खेल स्टेडियम व हेलीपैड बनाएंगे।

## सरकार को सुधार करने के लिए मिलते हैं अवसर: विस अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र के सफलतापूर्वक समापन पर सभी को धन्यवाद दिया व कहा कि सदन में सार्थक चर्चा के माध्यम से ही जनता की समस्याओं का निराकरण होता है। सदन का चलना और चर्चा होना पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। इससे जहां एक ओर विपक्ष को प्रश्नों, ध्यानाकर्षण और विभिन्न संसदीय माध्यमों से अपनी बात कहने का अवसर मिलता है वहीं सरकार को अपनी कार्यप्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए सुझाव मिलते हैं। इस तरह प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करने और उसमें कसावट लाने में आसानी होती है।

## सरकार को जगाया, यह काम जारी रहेगा: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार को जगाया, आगे भी यह काम जारी रखेंगे। अब सरकार जागी है या नहीं ये कुछ महीनों में पता चलेगा। अगर सरकार अब भी नहीं जागती है और जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं देती है, तो आगे और पुरजोर तरीके से आवाज उठाएंगे। उन्होंने सरकार से विकास निधि बढ़ाने की मांग भी रखी है और कहा कि विधायकों को कम से कम 5 करोड़ रुपए दिए जाए।

## संपादकीय

# पूरा सबक शायद सीखा ही नहीं

त्रासदी,परेशानी और बाद के कई साल तक रहे साइड इफेक्ट की असल वजह यानि लॉकडाउन को कल पांच साल हो गए। तब केंद्र सरकार ने पूरे देश में 21 दिन का लॉकडाउन लगा दिया था। नए कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए यह कदम उठा था। तब की यादें सार्वजनिक चर्चा में नहीं हैं लेकिन लोगों के मन में जरूर हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद इस पहली वैश्विक जन स्वास्थ्य आपदा को संभालते समय ऐसे सबक जरूर दुनिया को मिल गए हैं जिन्हें भविष्य में आने वाली महामारियों के लिए मानक प्रक्रिया के तौर पर सहेज लेना सही होगा। महामारी विज्ञानी कह रहे हैं कि तेजी से वैश्विक होते संसार में ऐसी महामारियां बढ़ेंगी। ऐसा करने के लिए हमें अपनी सफलताओं और चूकों को ईमानदारी से स्वीकार करना होगा। साफ हो चुका है कि पांच साल पहले किसी भी देश के पास महामारी से निपटने की तैयारी नहीं थी। उन देशों के पास भी नहीं, जिनमें बेहतर जन स्वास्थ्य व्यवस्था थीं। लेकिन टीका बनते ही भारत ने तेजी से व्यापक स्तर पर लोगों को टीके लगवा दिए, जिससे कोरोना को फैलने से रोक लिया गया और मौतें बहुत कम हुईं। भारत में कोविड का पहला आधिकारिक मामला 30 जनवरी 2020 को मिला। डब्ल्यूएचओ ने 11 मार्च को इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया। हम कह सकते हैं कि भारत को जल्दी कदम उठाने चाहिए थे। लॉकडाउन से हाशिये पर पड़े भारतीयों यानी प्रवासी मजदूरों को इसकी सबसे ज्यादा त्रासदी झेलनी पड़ी, जिन्हें कामकाज से हटा दिया गया। सार्वजनिक परिवहन बंद होने के कारण उन्हें और उनके परिवार पैदल ही घर के लिए निकल पड़े। कई लोगों की जान रास्ते में ही चली गई। देर से ही सही जब सरकार ने श्रमिक स्पेशल ट्रेन और बस चलाईं तो उनमे सवार मजदूर वायरस को अपने गांवों तक ले गए, जहां बुनियादी चिकित्सा भी नहीं होने के कारण बड़ी तादाद में लोगों को जान गंवानी पड़ीं। ये यादें इतनी खौफनाक हैं कि कई मजदूर अब भी अपने गांव से बाहर नहीं निकलते। इससे निर्माण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कामगारों की कमी हो रही है। कोविड की दूसरी लहर और भी घातक थी और उसने हमारे देश में स्वास्थ्य ढांचे पर हो रहे बेहद कम निवेश की पोल खोली थी। सरकार ने शायद जल्दबाजी में घोषणा कर दी कि भारत ने कोविड को 'हरा' दिया है और हरिद्वार में अर्द्ध कुंभ के आयोजन को हरी झंडी दे दी। इसके बाद वायरस फैलने से नए मामले एकाएक बढ़े तथा अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन सिलिंडर कम होने के कारण मौतों का आंकड़ा भी बढ़ने लगा। तब सेना और अर्द्धसैनिक बलों की दाद देनी पड़ेगी, जिन्होंने आपदा की इस घड़ी में कई शहरों में बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं खड़ी कर दीं। उन्होंने सिखाया कि चिकित्सा आपदा कैसे संभाली जाती हैं। आर्थिक गतिविधियां ठप होने के कारण आजीविका पर आया संकट कम करने के लिए सरकार भी फौरन हरकत में आई। उसने राजकोषीय घाटे की चिंता को कुछ समय के लिए परे रखकर मुफ्त खाद्य बंटवाया, छोटे कारोबारियों और किसानों को आपात ऋण दिलाए और राज्यों के लिए भी कर्ज की सीमा बढ़ा दी ताकि महामारी की मार से उबरा जा सके। सरकार ने पूंजीगत व्यय बढ़ा दिया, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से पटरी पर आने में मदद मिली। बावजूद अभी भी भारतीय श्रम बाजार की प्रकृति और चिकित्सा ढांचा की कमजोरी जब तक सामने आ जाती है। यानि त्रासदी से पूरा सबक अभी लेना बाकी है।

**जिस मनुष्य में लोभ होता है उसे दूसरे दुगुर्णों की क्या आवश्यकता है।**

**- भतृहरि**

## आज का इतिहास

- 1552- गुरू अमरदास सिखों के तीसरे गुरू बने।
- 1770- अंग्रेजी एक्सप्लोरर कप्तान जेम्स कुक और एचएमएस एंडेवर के चालक दल ने न्यूजीलैंड के सर्कनीव्यूजिंग को पूरा किया।
- 1780- ब्रिटेन के अखबार ब्रिट गैजेट और संडे मॉनिटर पहली बार रविवार के दिन प्रकाशित हुए।
- 1812- वेनेजुएला के सबसे बड़े शहर कराकास में जबरदस्त भूकंप की वजह से शहर का 90 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त हो गया और करीब 20 हजार लोगों की मौत हुई।
- 1830- मॉर्मन की पुस्तक, पाल्मारा, न्यूयॉर्क में प्रकाशित की गई।
- 1845- एडहेसिव मेडिकेटेड प्लास्टर को पेटेंट दिया गया।
- 1904- 80,000 प्रदर्शनकारियों ने लंदन के हाइड पार्क में चीनी श्रमिकों के विरोध में प्रदर्शन किया।
- 1907- हिंदी की मशहूर कवयित्री महादेवी वर्मा का जन्म फर्रूखाबाद में हुआ।
- 1943- एल्सी एस ओट्ट को अमेरिकी वायुसेना पदक मिला और वह यह पदक पाने वाली पहली महिला बनीं।
- 1953- डा जोनास साल्क ने पोलियो से बचाव के लिए नए टीके की घोषणा की।
- 1971- शेख मुजीबुर्रहमान ने पूर्वी पाकिस्तान को बंगलादेश के रूप में स्वतंत्र देश घोषित किया। 26 मार्च को बंगलादेश स्वतंत्रता दिवस मनाता है।
- 1973- लंदन स्टॉक एक्सचेंज में 200 साल पुराने इतिहास को तोड़ते हुए पहली बार महिलाओं की भर्ती की थी।
- 1979- तीस साल से जारी युद्ध विराम के लिए इसराइल और मिस्त्र ने शांति समझौते पर हाथ मिलाए।

## निशाना

### सेवा में तैयार !



-कृष्णेन्द्र राय

**बढ़ गया है वेतन ।**
**महंगाई की मार ।।**
**माननीय सांसद जी ।**
**सेवा में तैयार ।।**
**बड़ी खबर है आई ।**
**है मेहनत दिन रात ।।**
**अपने क्षेत्र में ।**
**बिछानी है बिसात ।।**
**कम पड़ता था वेतन ।**
**है राहत मंजूर ।।**
**जेब में अब पैसा ।**
**है रहना भरपूर ।।**
**काम अब करने में ।**
**है आना उमंग ।।**
**जिंदगी में जनता के ।**
**है भरना अब रंग ।।**

# संघ-संगठन, धर्म-सत्ता में संतुलन और सीमाओं की परीक्षा का दौर

**■ आलोक मेहता**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हर कार्यक्रम का प्रारम्भ संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते मंत्र से होता है , जिसका अर्थ है - हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें, हमारे मन एक हों, जैसे प्राचीन देवता एक साथ रहते थे और एक साथ पूजा करते थे। प्रभु हमें ऐसी शक्ति दे, जिसे विश्व में कभी कोई चुनौती न दे सके, ऐसा शुद्ध चारिर्त्य दे जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाए । ऐसा ज्ञान दे कि स्वयं के द्वारा स्वीकृत किया गया यह कंटकाकीर्ण मार्ग सुगम हो जाये । इसी तरह संघ की मुख्य प्रार्थना इन पंक्तियों से प्रारम्भ होती है - नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे, त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोह्यहम्। महामङ्गले पुण्यभूमे त्वदर्थे, पतत्वेष कायो नमस्ते नमस्ते। हे प्यार करने वाली मातृभूमि ! मैं तुझे सदा (सदैव) नमस्कार करता हूँ। तूने मेरा सुख से पालन-पोषण किया है। हे महामंगलमयी पुण्यभूमि ! तेरे ही कार्य में मेरा यह शरीर अर्पण हो। मैं तुझे बारम्बार नमस्कार करता हूँ । संघ की यह प्रार्थना अब इसके कामकाज का अनिवार्य अंग ही नहीं पहचान भी बन चुकी है । अब संघ की प्रतिनिधि सभा ने शताब्दी वर्ष में विस्तार और कार्यों , आनुषंगिक संगठनों की गतिविधियों के लिए बेंगलुरु में विचार विमर्श कर भावी दिशा तय की है । इस दृष्टि से देश में एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि संगठन के बढने , धार्मिक विवादों और सत्ता से कभी मधुर कभी तीखे संबंधों पर सार्वजनिक चर्चा स्वाभाविक है ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघको हिन्दू राष्ट्रवादी, स्वयंसेवी संगठन के रूप में जाना जाता है । 2। सितंबर 1925 विजयादशमी के दिन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने संगठन की स्थापना की थी । इसमें कोई शक नहीं कि इसे विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन माना जा रह है । संघ स्वयं एक करो? सदस्य बता रहा है । साथ ही संघ को देश की वर्तमान में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का पैतृक संगठन भी माना जाता है । मतलब वर्तमान दौर में भारतीय समाज ही नहीं विश्व समुदाय इन संगठनों के कामकाज और भविष्य के लिए ध्यान दे रहा है ।




इसीलिए मैंने मन्त्र और प्रार्थना का उल्लेख किया । धर्म , मन्त्र और प्रार्थना केवल औपचारिकता समझने वाले लोग भी होते हैं , लेकिन ऐसे संगठन के घोषित सदस्यों से अपेक्षा यही होती है कि वे मूल भावना को अपने जीवन में सही ढंग से अपनाने का प्रयास करेंगे , ताकि निर्धारित मानदंड और लक्ष्य पूरे हो सकें ।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भारत की सत्ता में आने वाली भारतीय पार्टी के प्रभाव और सारी स्वायत्तता के बावजूद पार्टी के अधिकृत या अनधिकृत नेता के वक्तव्यों - टिप्पणियों का सम्पूर्ण समाज और व्यवस्था पर प्रभाव पढता है और इसके परिणाम गंभीर होते हैं । जैसे जब संघ प्रमुख मोहन भागवत करीब दो वर्षों से सार्वजनिक रुप से कह रहे हैं कि % हर जगह पर शिव लिंग या अन्य देवी देवता की मूर्तियां निकालकर दावे नहीं किए जाएं । हमारा लक्ष्य अयोध्या कशी मथुरा तक रहा है । ÷ लेकिन देखने में आया है कि कई जिम्मेदार पदों पर विराजमान नेता या हिन्दू धर्म के नाम पर स्व घोषित ठेकेदार गैर जिम्मेदाराना साम्प्रदायिक भ?काऊ बयान देते रहते हैं । इससे केंद्र या राज्यों की उनकी भाजपा सरकारों और शीर्ष नेतृत्व यानी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की टीम और प्रशासन के लिए प्रशासनिक नैतिक संकट ख? हो जाते हैं । ताजा मामला एक फिल्म और औरंगजेब के भयावह अत्याचारों के तथ्य से आगे बढाकर उसकी कब्र पर विवाद जारी है , जबकि संघ के अधिकृत प्रचार प्रमुख स्पष्ट कह चुके हैं कि % औरंगजेब की चर्चा ही प्रासंगिक नहीं है । ÷ यह बात सही है , क्योंकि औरंगजेब या किसी मुगल या ब्रिटिश शासक की कब्र की जानकारी तक करोड़ों लोगों को नहीं है । फिर यदि प्राचीन अवशेषों के नाम पर अन्य स्थानों की तरह उन क्षेत्रों पर भारत सरकार के आर्कोलॉजिकल विभाग का ही निंत्रण है । कब्र खोदने लगेंगे तो देश के जाने कितने स्थानों पर खुदाई की अनावशयक बातें होने लगेंगी । ऐसी स्थिति में भारत को सबसे बेहतर लोकतान्त्रिक और विकसित होता देख पूंजी लगाने और सम्बन्ध बढ़ा रहे दुनिया के देशों पर क्या बुरा असर नहीं पड़ेगा ?

इसी तरह संघ और भाजपा के संबंधों पर बीस वर्ष पहले अधिक चर्चा नहीं होती थी । तब संघ बहुत हद तक शांत और अनुशासित ढंग से काम करता था । वर्ष में दो चार बार ही उसके बयान आते थे । फिर अटल आडवाणी राज में अयोध्या अथवा कुछ अन्य विषयों पर संघ के विश्व हिन्दू परिषद् के अथवा अन्य नेताओं से कतिपय मतभेदों की चर्चाएं सामने आई । जबकि वे दोनों नेता और अब प्रधान मंत्रीं नरेंद्र मोदी हमेशा संघ के संस्कारों और संबंधों को गौरव के साथ स्वीकारते हैं । मोदी तो अंतर्राष्ट्रीय मंचों या इंटरव्यू में इसकी विस्तार से चर्चा करते हैं । सच तो यह है कि इस समय दोनों संगठनों में कोई छोटा बड़ा नहीं है और न ही वर्चस्व की लड़ाई है । निश्चित रुप से घर परिवार की तरह कुछ विषयों पर शीर्ष नेताओं की राय अलग अलग हो सकती है । लेकिन इन संगठनों से जड़े तीसरी चौथी पंक्ति का कोई व्यक्ति अथवा रास्ता बदल चूका कोई नेता सोशल मीडिया पर बयानबाजी करता है तो उससे भ्रम पैदा होते हैं । इस तरह की समस्या का समाधान आसान नहीं है । लेकिन नेतृत्व दूसरी पंक्ति के लोगों को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते हैं ।

संघ और भाजपा हिन्दू धर्म और हर भारतीय को अपना मानती है । हाल के वर्षों में धर्म के प्रतिष्ठित शंकराचार्यों , महात्माओं को सत्ता से अधिकाधिक अधिकाधिक सम्मान मिलने लगा है । आश्रमों और मठों की सम्पन्नता और सुख सुविधाएं भी बढ़ती गई हैं । समाज में धार्मिक भावनाओं के बढ़ने से अयोध्या , काशी , प्रयाग , मथुरा , तिरुपति , पूरी , बदरीनाथ ,केदारनाथ , द्वारका , वैष्णों देवी जैसे धार्मिक स्थानों और कुम्भ में करोड़ों लोग जाने लगे हैं । तब जाने कितने स्व घोषित और सीमित ज्ञानी धर्म के नाम पर अनर्गल प्रचार और उत्तेजक भाषण देने लगे हैं । इसका नई पीढ़ी में खराब असर हो रहा है । वे असली नकली की पहचान कैसे करें ? कुछ राज्यों या संसद में किसी मठ , आश्रम या धार्मिक संगठन से आए कुछ लोग चुनाव जीते हैं और सत्ता में भी हैं । लेकिन उनके लिए धर्म के साथ संविधान और अपने संगठन की लक्ष्मण रेखाएं हैं । उन पर नियंत्रण संभव है । लेकिन देश के कई हिस्सों में भगवा या अन्य धर्म के प्रतीकात्मक वेश में जाने कितने नेता या ठेकेदार खड़ हो रहे हैं , जो अकारण विवाद और संकट पैदा कर रहे हैं । वे न केवल धन सम्पत्ति और साम्राज्य बना रहे , बल्कि भारत की छवि भी खराब कर रहे हैं । इसलिए अब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ , भाजपा , सरकार और वास्तविक मान्यता प्राप्त धार्मिक नेताओं को सत्ता या प्रतिपक्ष अथवा धर्म के नाम पर गड़बड़ी करने वालों को नियंत्रित करने के प्रयास करने होंगे ।

# गंभीर पहल करने से ही सुलझ सकेगा मणिपुर संकट

**■ बीएल वोहरा**

आखिरकार, भाजपा और उसके ज़रिए, भारत सरकार ने पिछले कुछ समय से मणिपुर में फैली अव्यवस्था को सुलझाने की दिशा में कुछ निर्णायक कदम उठाए हैं। सरकार ने पहले एक अनुभवी नौकरशाह को राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया, फिर भाजपा शासित मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को पद छोड़ने को कहा और चार दिन बाद 13 फ़रवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।ये सभी कदम एक साथ और जल्दी-जल्दी उठाए गए। लेकिन काफी वक्त से यह लंबित था। स्वयं भाजपा और राज्य में भाजपा सरकार उम्मीद के विपरीत आस लगाए हुए थी कि 3 मई, 2023 को राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से सरकार ने जो कमज़ोर कदम उठाए हैं, उनसे मामले सुलझ जाएंगे। बीच-बीच में कुछ समय के लिए शांति काल के अलावा लंबे समय तक टकराव अनवरत जारी रहा। इसके चलते मैतेई और कुकी जातियों के बीच संबंध बहुत तनावपूर्ण हो गए।

समस्या कई अन्य कारणों से भी बढ़ गई, जिसके विभिन्न पहलुओं पर गंभीर प्रभाव पड़े। दो कारण भाजपा को ठोस कदम उठाने से रोक रहे थे ־ एक तो यह कि हम एक लोकतंत्र हैं, दूसरा यह कि राज्य में भी सत्ता उसी दल के पास थी, जिसकी केंद्र में सरकार है। ऐसे राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पार्टी के लिए शर्मिंदगी की वजह बनता क्योंकि इसका मतलब होगा कि खुद अपनी ही पार्टी की सरकार के कामकाज पर सवाल उठना। इसके अलावा, पार्टी को ऐसा उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया जो सभी को स्वीकार्य हो। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी ने अब कड़ुवा घूंट पीना तय कर लिया है। देर आयदज् दुरुस्त आयद ! भविष्य की ओर देखते हुए, बहुत काम किए जाने की जरूरत है। सबसे पहले, समस्या की उत्पत्ति को देखें ताकि इससे निपटने में मदद मिल सके। म्यांमार में सैन्य शासन यानी जुंटा का अपने देश के संपूर्ण भूभाग पर, खासकर मणिपुर सीमा से लगते इलाके पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं है। इन क्षेत्रों में कई समूह अपनी सरकार से युद्धरत हैं और यहां तक कि कुछ इलाका उनके अधीन भी है। इसके अलावा, हिंसा के कारण, गोल्डन ट्राइंगल नाम से कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय ड्रग व्यापार रूट पर, मुख्य रूप से मोरेह शहर और मणिपुर के क्षेत्र से होकर गुजरने वाला, असर हो रहा था क्योंकि म्यांमार में अफीम की खेती के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में कमी आई थी या विस्तार नहीं हो पाया था। कई कुकी और संबंधित जनजातियां अपने स्थानीय रिश्तेदारों की मदद से मणिपुर में, मुख्य रूप से कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर क्षेत्र में आन बसे और उन्होंने मणिपुर में भी अफीम उगाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोग भी इस मुनाफेदार खेती में उनके साथ लग गए। जब यह बात राज्य सरकार के संज्ञान में आई, तो अवैध अप्रवासियों की पहचान करने के लिए कार्रवाई की गई। स्थानीय लोग,जिसकी पीठ पर बहुत अमीर एवं ताकतवर अंतर्राष्ट्रीय ड्रग माफिया का हाथ था,इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। वे सरकार को पीछे हटने को मजबूर करना चाहते थे। उनके सौभाग्य से -और राज्य के दुर्भाग्य से- मैतेइयों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने वाली याचिका पर, मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा आए आदेश की गलत व्याख्या ने परेशानी पैदा करने का एक कारण प्रदान किया। 27 मार्च, 2023 को जारी इस आदेश में कहा गया था ־राज्य में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं के मामले पर शीघ्रता से विचार किया जाना चाहिएज्'। इसमें केवल याचिका पर विचार करने के लिए आदेश था, न कि मैतेइयों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए। लेकिन कुकियों ने जानबूझकर इसे गलत ढंग से प्रस्तुत किया, यह कहते हुए कि मैतेइयों को एसटी का दर्जा दे दिया गया है। हालांकि बाद में उच्च न्यायालय ने इस पैराग्राफ को हटा दिया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। दोनों पक्षों ने रैलियां निकालनी शुरू कर दीं, कुछ हिंसा भी भड़की और दोनों समुदायों द्वारा नाकेबंदी और जवाबी नाकेबंदी होने लगी। मैतेई बहुल घाटी में और कुकी एवं अन्य संबंधित जनजाति बहुल पहाड़ी इलाके में। स्थिति बदतर होती चली गई। हालात इतने खराब हो गए कि घाटी के लोग चुड़ाचांदपुर नहीं जा सकते थे और इसके विपरीत चूड़ाचांदपुर वाले घाटी में नहीं आ सकते। कुकियों ने एक अलग प्रशासन की मांग की। वे नहीं चाहते थे कि मैतेई लोगों को एसटी का दर्जा मिले क्योंकि उन्हें लगा कि इससे न केवल उनकी नौकरी का कोटा प्रभावित होगा बल्कि मैतेई लोग वैध तरीके से पहाड़ियों में जमीन भी खरीद सकेंगे। इसलिए, दोनों समुदायों के बीच एक तरह से पूर्ण पैमाने पर जातीय संघर्ष छिड़ गया, जिसमें हिंसा के कारण जान-माल का नुकसान हुआ और दोनों पक्षों के लोगों को विस्थापित होना पड़ा। आरोप है कि ड्रग माफिया ने अपनी मोटी जेबों के दम पर इस स्थिति को और बिगाड़ने में अहम भूमिका निभाई है। जल्द ही, सरकार और उसकी मशीनरी तक भी हिंसा का असर हो गया। दुर्भाग्यवश, दोनों समुदायों के बीच इस तरह का दोफाड़ कुछ हद तक पुलिस सहित सरकारी अमले में भी फैल गया। इसने स्थिति को और खराब कर दिया। अपराधी और निष्क्रिय पड़े विद्रोही समूह भी इस लड़ाई में कूद पड़े और इसका नतीजा यह हुआ कि सरकारी मशीनरी पूरी तरह चरमरा गई। पुलिस स्टेशनों और शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया और 5,000 से अधिक हथियार लूट लिए गए। यह भी आरोप है कि पुलिस ने डरकर या मिलीभगत के कारण कई हथियार सौंपे। अवांछनीय तत्वों और हिंसक समूहों के हाथों में इतनी बड़ी संख्या में हथियार राज्य के लिए एक बड़ा खतरा हैं। इनमें से बमुश्किल एक-चौथाई हथियार ही बरामद हो पाए हैं। हालात और बदतर बने जब कुकी समूह हिंसा फैलाने के लिए ड्रोन तक का इस्तेमाल करने लगे। जाहिर है, उन्हें बहुत मदद हासिल है।



चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के इस क्षेत्र में अपने निहित स्वार्थ हैं और उन्होंने दूसरों की लड़ाई में अपने लिए मौका पाया है। म्यांमार की स्थिति भी एक बड़ा कारक है। सरकार ने प्रतिक्रिया में और अधिक सैन्य बल भेजे हैं, लेकिन स्थिति पूरी तरह से उसके नियंत्रण में नहीं है। इसलिए, अब राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद संबंधित अधिकारियों के लिए काम करना आसान हो जाएगा। उनकी प्राथमिकता हिंसा को रोकना और लुटे हथियारों को वापस लेना होना चाहिए। एक साथ बहुत सारे काम करने की जरूरत है। मुख्य कार्यों में मामलों की जांच करना, राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना, समुदायों के बीच सद्भाव और शांति बहाली, विस्थापितों का पुनर्वास, अवैध अप्रवासियों से निबटना, निष्पक्ष पुलिस और नौकरशाही बनाना, अवैध प्रवास और ड्रग्स और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए म्यांमार के साथ लगती सीमा सील करना, दूसरे देशों के मंसूबों को विफल करना और राजनीतिक प्रक्रिया बहाल करना शामिल है।आइए उम्मीद करें कि जल्द ही शांति स्थापित हो जाएगी। पूर्वोत्तर का यह खूबसूरत राज्य न केवल अपने लिए बल्कि पूरे भारत के लिए शांति और खुशहाली का हकदार है।

**(साभार : लेखक मणिपुर के गृह सचिव रहे हैं।)**

# श्री रामजन्महोत्सव का होगा ऐतिहासिक आयोजन, कार्यक्रम को लेकर समिति की बैठक संपन्न

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर में 62वें वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए व्यवस्थाओं ओर रूपरेखा को लेकर एक बैठक सोमवार को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। आयोजन अंतर्गत समिति द्वारा 1963 से प्रतिवर्ष श्री रामकथा का आयोजन एवं रामनवमी पर शोभायात्रा चल समारोह की परंपरा रही है। इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 30 मार्च रविवार से राम नवमी 06 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन सायं 07 से 10 बजे तक चित्रकूट धाम के सुप्रसिद्ध कथावाचक मानसमणि महेंद्र मिश्रा के मुखारविंद से नगर के श्रद्धालु रामकथा का श्रवणामृत ग्रहण करेंगे।



समिति प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समिति सचिव अभिषेक तिवारी ने कार्यक्रम की समग्र रूपरेखा बताते हुये बैठक की प्रस्तावना रखते हुये सुझाव आमंत्रित किये। सभी उपस्थित पदाधिकारी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। संरक्षक प्रमोद पगारे ने सविस्तार इस वर्ष होने वाले कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न पक्षों पर अपने विचार रखते हुये प्रतिदिन की कथा और चल समारोह में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया।

अंत में समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने महोत्सव को लेकर समिति की तैयारी, योजना और संकल्पना को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि समिति द्वारा नगर की मंदिर समितियों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों सहित नवरात्र देवी प्रतिमा समितियों से भी संपर्क कर इस पावन आयोजन में आमंत्रित किया जायेगा। योजनानुसार चल समारोह भव्य और दिव्य स्वरूप में अखाड़े, डंडा नृत्य, सांस्कृतिक झांकियों के साथ अपने तय मार्ग से निकलेगा।

सनातन नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा अर्थात गुड़ी पड़वा 30 अप्रैल की है जो कि रविवार का दिन है साथ ही 06 अप्रैल रामनवमी भी रविवार है। समिति ने नगर के व्यापारियों से आग्रह किया है कि हिन्दू नव वर्ष और हमारे बड़े ही महत्वपूर्ण पर्व रामनवमी पर अपने अपने प्रतिष्ठान खुले रखकर उल्लास और उमंग से साथ यह त्यौहार मनायें।

बैठक के अंत में श्री रामजन्म महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के भतीजे स्व मनीष शंकर शर्मा के देहावसान पर शोक प्रकट करते हुये समिति सदस्यों द्वारा मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## भगवान श्री राम जन्मोत्सव को लेकर हुई विशेष बैठक

**तेंदूखेड़ा।** भगवान श्री राम के जन्म उत्सव को लेकर एक विशेष बैठक नगर के श्रीराम मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें भगवान का जन्मोत्सव काफी हर्षोल्लास के रूप में मनाने पर विचार विमर्श किया गया इस अवसर पर उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोतम प्रभु श्री राम भगवान का जन्मोत्सव राम नवमी के रूप में सारे राष्ट्र में भव्यता से मनाया जाता है हमारे नगर में भी यह परम्परा कई वर्ष से चली आ रही है, इस भव्यता पूर्ण आयोंजन के लिए श्री राम मंदिर में नगर के सनातनी भक्त मंडल एवं नगर वासियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ जिसमें कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई और यह निर्णय हुआ की प्रत्येक वर्ष की तरह भव्य और हटके इस बार आयोजन होगा नगर में हर घर में ध्वज एवं भगवान श्री राम के चित्र लगाए जायेंगे जिनमें केवल भगवान का कटाउट लगेगा सभी जगह साज सज्जा होगी एवं विशाल रथयात्रा का आयोजन होगा नगर एवं तहसील के सभी रामभक्तों को इस भव्य आयोजन में जुड़ने का आग्रह किया गया इसके साथ ही घर घर राम हर मन राम स्थापित हों यह प्रयास होगा इसके लिए अगली बैठक में और अधिक संख्या में धर्म प्रेमी बंधुओ को को बुलाया जाएगा।



### संभागायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# आरओ वॉटर प्लांट में जल गुणवत्ता जांच की ठोस कार्ययोजना बनेगी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिलों में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। संभागायुक्त ने नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिले के कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि आने वाले माह में जिलों में विभिन्न त्योहार एवं पर्वों को मनाया जाएगा जिन्हें दृष्टिगत रखते हुए सभी अनुविभाग स्तर पर कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए की वित्तीय वर्ष समाप्ति के शेष दिवसों में और अधिक बेहतर कार्य करें। जिन राजस्व क्षेत्र में वसूली या लक्ष्य पूर्ति की संभावना हो उन क्षेत्रों में विशेष तौर पर प्रगति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आरसीएमएस के सभी घटकों में तीनों जिलों को अधिक सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है।



कॉन्फ्रेंस के दौरान कमिश्नर ने निर्देशित किया कि संभाग के सभी शासकीय विभागों में समस्त फाइलों का आदान-प्रदान ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही किया जाए। उन्होंने कहा कि जितने विभाग ऑन बोर्ड होने के लिए शेष रह गए हो वे सभी एनआईसी की सहायता से अगले 1 सप्ताह के भीतर ऑन बोर्डिंग व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने यह निर्देश भी दिए कि जिन भी फाइलों का ई ऑफिस के तहत आदान प्रदान किया जा रहा है उनमें संलग्न दस्तावेज पूर्ण रूप से स्कैन किए जाएं।

कमिश्नर ने सभी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया की जल जीवन मिशन योजना पर और अधिक फोकस करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी जिला पंचायत सीईओ इस संबंध में नियमित रूप से समीक्षा करें। जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना के कनेक्शन किए जाने में प्रगति लाई जाए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए की अनु विभाग स्तर पर ग्रीष्मकाल में निर्बाध पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बैठक आयोजित कर ली जाएं तथा उनकी जानकारी संभागायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत कियाजाना सुनिश्चित करें। तिवारी ने निर्देश दिए हैं कि शहरों में संचालित होने वाले आरओ वॉटर प्लांट का सघन निरीक्षण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को एक ठोस कार्ययोजना तैयार कर पानी के सैंपल एकत्रित करने और उनकी निर्धारित मानकों के अनुसार टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। संभागायुक्त ने कहा कि पानी की गुणवत्ता जनता के स्वास्थ्य से सीधे जुड़ी हुई है, इसलिए सभी आरओ वॉटर प्लांट की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है।

संभागायुक्त ने निर्देश 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, शासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए लक्ष्यों और जिलों में निर्धारित किए गए लक्ष्यों में कोई अंतर हो, तो उसे तत्काल सुधारते हुए आवश्यक समन्वय स्थापित करने को कहा।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि आंगनबाड़ियों के संचालन की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ियां शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार तय समय पर खुल रही हैं या नहीं इसका भी परीक्षण करें। संभागायुक्त ने कहा कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण कर आंगनबाड़ियों का निरीक्षण करें और संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही न होने दें। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में पूरी सतर्कता बरतने और आवश्यकता अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## तारादेही : वन कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग में मिला 5 फीट लंबा ब्लैक कोबरा, पकड़कर जंगल में छोड़ा

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

रविवार को शाम पांच बजे तारादेही वन परिक्षेत्र में जहरीला सर्प कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग के शौचालय में बैठा हुआ था जिसे कर्मचारियों ने देखा इसके बाद वहां अफरा तफरी के हालात बन गए। कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर को दी जहां तत्काल ही सर्प पकड़ने वाली टीम को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद टाइगर रिजर्व से तारादेही पहुंची टीम ने जहरीले सर्प को पकड़कर उसे सुरक्षित नौरादेही अभ्यारण्य के जंगल में छोड़ा गया टाइगर रिजर्व से सांप को पकड़ने पहुंचे टाइगर रिजर्व के सुरक्षा श्रमिक कैलाश पटेल और मोहन पटेल ने बताया कि पकड़ा गया सांप ब्लैक कोबरा सांप है जो एक जहरीला प्रजाति का है। पुरानी बिल्डिंग में बने शौचालय में सांप कुड़ी मारकर पानी की ठंडक में दीवार से सटकर बैठा हुआ था। जहां कुत्ते सांप को भौंक रहे थे जहां कुत्तों की आवाज सुनकर वन विभाग के कर्मचारी भी वही वहां पहुंचे तो उन्होंने जैसे ही 5 फीट लंबा ब्लैक कोबरा सांप को देखकर दहशत में आ गए और सभी अधिकारी कर्मचारी बिल्डिंग छोड़कर बाहर निकल आए और इसकी सूचना टाइगर रिजर्व की टीम को दी जब तक सांप को पकड़ने के लिए टीम नहीं पहुंच गई सांप पर नजर बनाए रखें रहे। आधा घंटे में सर्रा से टीम तारादेही पहुंची और सांप को पकड़ने के प्रयास किए गए।



जहां सर्प को पकड़ने टाइगर रिजर्व से पहुंची टीम में कैलाश पटेल और मोहन पटेल ने सांप को देखा तो सांप ने फन फैलाकर फुफकारने लगा जिसके बाद टीम ने कड़ी मशक्कत करने के बाद ब्लैक कोबरा सांप को पकड़कर टाइगर रिजर्व के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जहां रेंज परिसर के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि आज रविवार था तो ज्यादा स्टाफ नहीं था नहीं तो हादसा हो सकता था वहीं जानकारी के मुताबिक ब्लैक कोबरा सांप काफी जहरीला होता है अगर किसी को काट लेता तो उसकी मौके पर ही जान भी जा सकती थी। रेंज परिसर में सांप निकलने खबर लोगों की लगी तो सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## विश्व क्षय दिवस पर टीबी मरीजों को फूड बास्केट बांटे, जागरूकता रैली निकाली

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**




विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश दहलवार के मार्गदर्शन में जिले में टीबी मरीजों के लिए विशेष अभियान चलाया गया। महामहिम राज्यपाल द्य के निर्देशानुसार, जिले में विगत तीन वर्षों से निक्षय मित्रों एवं समाजसेवियों के सहयोग से टीबी से पीड़ित मरीजों को फूड बास्केट वितरित की जा रही है।

इस अभियान के तहत कलेक्टर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन एवं जिला क्षय अधिकारी के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित की जा रही है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से समाजसेवी चंद्र गोपाल मलैया, उदित द्विवेदी, अनिल अग्रवाल, मुकेश श्रीवास्तव, गौरव सेठ, विपिन जैन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। साथ ही, कार्यालय प्रभारी शेर सिंह बड़कुर, डीपीएम श्रीमती कविता, डीपीसी विशेष दुबे एवं टीबी विभाग का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं एवं टीबी विभाग के कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आम जनता को टीबी रोग, उसके लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में मादा तेंदुआ की मृत्यु, जांच उपरांत शवदाह

**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कक्ष क्रमांक 234, बीट सुआरिया नाला, वन परिक्षेत्र कामती में एक मादा तेंदुआ की मृत्यु की घटना सामने आई। इस संबंध में एनटीसीए, नई दिल्ली एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश, भोपाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार त्वरित कार्रवाई की गई।



घटना स्थल को सुरक्षित कर डॉग स्क्वॉड की सहायता से गहन जांच की गई, जिसमें अवैध शिकार के कोई प्रमाण नहीं मिले। मृत मादा तेंदुआ के शरीर पर अन्य वन्यप्राणी के दांतों के निशान पाए गए, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई है। मादा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम वन्यजीव विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया गया, जिसमें सभी अंग सुरक्षित पाए गए। पोस्टमार्टम करने वाले . डॉ. प्रशांत देशमुख (प्राणी संरक्षण ट्रस्ट, ङ्कष्टञ्ज, डॉ. हमजा फारूखी (वन्यप्राणी चिकित्सक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल), डॉ. संजय कुमार सिंघई (शासकीय पशु चिकित्सक, नर्मदापुरम) चिकित्सक उपस्थित थे। मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के निर्देशानुसार शवदाह (भस्मीकरण) की प्रक्रिया सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में संपन्न की गई। शवदाह प्रक्रिया के दौरान श्रीमती राखी नंदा क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, सुश्री पूजा नागले – उप संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, अंकित जामोद – सहायक संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, उप इकाई सोहागपुर, प्रेमनारायण ठाकुर – परिक्षेत्र अधिकारी, कामती, श्रीमती पूजा अहिरवार – सरपंच, टेकापार, एनटीसीए प्रतिनिधि लखनलाल पटेल एवं बलबहादुर पठारिया, वन्यजीव विशेषज्ञ चिकित्सक – डॉ. प्रशांत देशमुख, डॉ. हमजा फारूखी, डॉ. संजय कुमार सिंघई अधिकारी एवं एनटीसीए के प्रतिनिधी एवं वन्य प्राणि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। घटना की पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। घटना के संबंध में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## राज्य की नवीन तकनीकों के अध्ययन करने के लिए कृषकों का भ्रमण दल भेजा गया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

उप संचालक उद्यान रीता उइके ने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत राज्य के अंदर कृषकों के लिए 03 दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक किया गया है। कार्यक्रम के तहत 25 कृषकों का दल के. के. रघुवंशी ग्रा.उ.वि.अधि. केसला के नेतृत्व में भोपाल, सीहोर, देवास और उज्जैन में उद्यानिकी फसलों का अवलोकन करेगा और वैज्ञानिकों से परिचर्चा करेगा।

कृषक दल को जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप संचालक उद्यान, नर्मदापुरम, श्रीमती रीता उईके, सुश्री विजयालक्ष्मी और विकास अग्रही सहित कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



### किसान खेत पाठशाला का आयोजन

**नर्मदापुरम.** ग्राम बेगनिया और दमदम में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसान खेत पाठशाला का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयश्री देशमुख, कृषि विकास अधिकारी गोदावरी बडौले, सहायक पशु चिकित्सक डॉ. सुरायाजी और अन्य किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है, जिससे फसलों की पैदावार कम होती है और लागत अधिक आती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए शासन द्वारा नर्मदापुरम जिले की 10 पंचायतों में प्रेरणा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत किसानों को नरवाई न जलाने के लिए गांव गांव जाकर किसान खेत पाठशाला का आयोजन कर प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा, किसानों को सुपर सीडर, पूसा डिकंम्पोसर जैसे उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभाग की योजनाओं चेपकटर, पावर स्प्रे पंप, सूरजमुखी के बीज के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई।

**मेट्रो एंकर** सुबह नगर की सड़कों पर बिखरा पड़ा था एक्सपायरी डेट का सामान

# व्यापारी बेच रहे हैं एक्सपायरी डेट का माल, खाद्य विभाग नहीं करता कार्यवाही !

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर एवं क्षेत्र मे किराना दुकानों पर एक्सपायरी डेट के सामान भारी संख्या में उपलब्ध हैं इस गर्मी में धड़ल्ले से बिक रहे हैं सोमवार को नगर के जबलपुर मार्ग एवं तारादेही मार्ग पर कुछ एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा सड़क पर फेंक दी गई है लोगों के दिमाग में इसका कारण समझ में नहीं आया सुबह आने जाने वालों ने ऐसी एक्सपायरी डेट की सामग्री को सड़क पर देखा है और इसकी जानकारी मीडिया को दी नगर की अनेक व्यापारी तो इन एक्सपायरी डेट की सामग्री को लोगों थमा रहे हैं नगर एवं क्षेत्र में एक्सपायरी डेट का सामान बिकने का सबसे बड़ा कारण यह है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणजन पढ़े लिखे ना होने के कारण इन सामानों पर लिखी एक्सपायरी डेट को नहीं देखते और दुकानदार इन भोले भाले लोगों को एक्सपायरी डेट का सामान थमा देते हैं। जिसके उपयोग करने के कारण कारण लोगों का स्वास्थ्य तो खराब हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है।



नगर के कुछ व्यापारी जिनके दुकान में बड़ी तादात में खाने की चीजों के पैकेट स्टॉक में रखते है वह खाने के पैकेटों के एक्सपायरी डेट होने के बाद बेचते रहते है जब कोई जागरूक ग्राहक पैकेट की एक्सपायरी डेट देख लेता है और दुकानदार से शिकायत करता है और दुकानदार के खिलाफ शिकायत की धमकी देता हे तो दुकानदार भोले बनकर उस खाने के पैकेटों को नष्ट न कर सड़क पर ही फेक देते है और ग्रामीण और नासमझ बच्चे उन पैकेटों को उठाकर ले जाते है और खा लेते है जिससे कभी कभी बच्चे और ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार होकर फूड पॉइजनिंग के शिकार हो जाते है वैसे ही क्षेत्र में अच्छे डाक्टरों की कमी है जिससे गंभीर बीमारी में जबलपुर जाना पड़ता है ऐसे व्यापारी और दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे दुकानदार इस प्रकार की निंदनीय कृत्य न करे

कुछ व्यापारी एक्सपायरी डेट का सामान सस्ते दामों में लाकर भोले गरीब लोगों को थमा रहे हैं सस्ते दामों में लाकर यहां प्रिंट रेट पर बेचकर अच्छा खासा मुनाफा भी कमा रहे हैं साथ ही पैकेटो पर अंकित दिनांकों को हटाया जा रहा है व्यापारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है कि उनकी इस हरकत से ग्राहकों के स्वास्थ्य इसका क्या प्रभाव पड़ेगा दुकानदार ग्राहकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पेकबंद सामान पर अंकित तिथि पर सफेदा लगाकर या फिर उसे मिटाकर बेच रहे है। जिला के खाद्य विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं कुछ लोगों ने बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारीयो का दुकानदारों से महीना बंधा हुआ है ऐसा पहली बार नहीं हुआ है अनेकों बार व्यापारियों के द्वारा एक्सपायरी डेट की समान ग्राहकों में थमा दिए और दमोह से आने वाले खाद्य अधिकारी खाना पूर्ति कर चले जाते हैं।

### इनका कहना है

“इस समय में एसडीएम सौरव गंधर्व का कहना है कि मुझे भी एक दुकानदार द्वारा एक्सपायरी डेट का सामान थमा दिया गया था जिसके बाद मेरे द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया काफी संख्या में एक्सपायरी सामान मिला था इसके बाद 1लाख रुपयो का जुर्माना लगाया गया था एक्सपायरी डेट का सामान यदि नगर एवं क्षेत्र में बिक रहा है तो मेरे द्वारा टीम बनाकर दुकानों की जांच कराई जाएगी”

### जांच करने पहुंचे एसडीओपी , सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी टीम

# दिनदहाड़े विनायक क्लिनिक से 3 लाख दस हजार रुपए लेकर भागा चोर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को जय स्तंभ चौक पर स्थित विनायक क्लीनिक से 3 लाख 10 हजार रुपए चोरी करके चोर गायब हो गए हैं। इतनी बड़ी वारदात को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया इसकी वजह से पुलिस की चिंताएं भी बढ़ रही है और गंभीरता से मामले की जांच पड़ताल करने में अधिकारी जुटे हुए हैं ।

आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में पुलिस दिन भर लगीं रही पर पुलिस के हाथ कोई ऐसे ठोस सुराग नहीं लगेगी जिससे पुलिस इन चोरों तक पहुंच सकी हो। चोरी की वारदात की सूचना मिली तो तत्काल पुलिस कुर्मी घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे उसके बाद घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर पुलिस पूरे दिन सीसीटीवी कैमरे के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले की तलाश में लगी रही है। वही एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी भी मामले की गंभीरता को समझते हुए स्वयं भी चोरी की वारदात की जांच पड़ताल करने के लिए मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों से पूछताछ भी की फरियादी विनोद शर्मा से चोरी के संबंध में जानकारी ली इस पर इन्होंने बताया गया कि दोपहर 1 बजे के करीब



मेरे परिचित राशि लेकर आए थे। इसको बैंक में जमा करने के लिए हम पर्ची भर रहे थे। पैसे काउंटर पर रखे हुए थे तभी एक मैरिज आया का इलाज करवाने आया उसको प्राइवेट पार्ट में बीमारी इंफेक्शन था जांच के बाद मैंने उसको दवाई दी उसके जाने के बाद टेबल पर रखे 3 लाख दस हजार गायब हो गए।

पहले तो मैं दराज और आसपास देखा जब नहीं मिले तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी फरियाद विनोद शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर चोरी का प्रकरण दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है दूसरी ओर क्लीनिक में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे इस वजह से आरोपी की पहचान करना मुश्किल हो रहा है 17 वर्ष के करीब के व्यक्ति पर चोरी का संदेह है विनोद शर्मा ने जताया है वहां दांद खली का इलाज करवाने आया था। चोर को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास गली और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे मैं जांच करके चोर की पहचान करने में लगी हुई है अलग-अलग टीमों भी चोरी की वारदात को पता लगाने में लगी हुई है घटना दिनदहाड़े और बीच चौराहे से होने से पूरे शहर में चर्चा का माहौल है दूसरी ओर पुलिस के लिए भी चोर ने खुली चुनौती दी व्यस्त क्षेत्र से दिन में ही इस वारदात को अंजाम देकर इतनी बड़ी रकम लेकर गायब हो गया किसी को कोई खबर नहीं लग पाई पुलिस भी आरोपी की कोई खोज खबर नहीं कर लगा पाई है।

इस वजह से शहर के लोगों में डर का माहौल है दूसरी ओर इस तरह से टेबल पर पैसे रखकर छोड़ देना भी बहुत बड़ी लापरवाही है दूसरों के लिए यह घटना सीखा साबित होगी लापरवाही की तो दुर्घटना घटी जो विनोद शर्मा के साथ हो गए वहां किसी और के साथ ना हो इसलिए खुले में कोई पैसे रखकर लापरवाही ना करें।

एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है चोरी के संबंध में आसपास की दुकान और गली मोहल्ले में लगे कैमरा से सबूत जुटा कर आरोपी को पकड़ने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहे हैं। जल्दी हम आरोपी को पकड़कर चोरी की वारदात का खुलासा करेंगे इस काम में पुलिस कर्मी लगे हुए हैं। चोरी करने वाले कितने सतिर दिमाग के होते हैं कि कैसे हैं पता लगा लेते हैं कि इनके पास पैसे है इस बार तो नए तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिसकी कोई सोच नहीं रहा था।

**इनका कहना है**

"अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज करके चोरी की खोजबीन कर रहे है सीसीटीवी कैमरों से आरोपी की तलाश भी कर रहे हैं।"
–उमेश कुमार तिवारी
एसडीओपी

### अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारकर बाइक सवार को किया घायल

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम खेरा में शाम 7 :30 बजे पाटन से हथनी पिपरिया अपनी वाईक से जा रहे चंद लाल पिता सूरत अहिरवार 30 वर्ष निवासी पाटन को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारकर मौके से भाग गया। इसी दौरान वारंट की तामील करने जा रहे आरक्षक नीरज नामदेव एवं रणजीत राणा रूक कर तेंजगढ की ओर से आ रहे 108 वाहन को रोकर घायल को इलाज के लिए तुरंत ही तेंदूखेड़ा सामुदायिक केंद्र में भेजा गया है जिस का इलाज किया जा रहा है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर मामले की जॉच कर रही है।



# समस्त शासकीय सेवकों के सेवानिवृत होने पर देय स्वत्वों के भुगतान की जानकारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज । विदिशा शासकीय सेवक के सेवानिवृत होने पर उन्हें निम्न अनुसार देय स्वत्वों का भुगतान किया जाता है की जानकारी कार्यालय जिला पेंशन अधिकारी द्वारा दी गई है जो इस प्रकार है।

### अर्जित अवकाश

संबंधित विभाग द्वारा शासकीय सेवक की सेवापुस्तिका में अंकित अर्जित अवकाश लेखा की गणना कर अधिकतम सीमा 300 दिवस तथा सेवापुस्तिका में अर्जित शेष अवकाश की संख्या में जो भी कम हो के आधार पर आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला कोषालय में देयक प्रस्तुत कर शासकीय सेवक को भुगतान किया जाता है।

### एफबीएफ, जीआईएस, बीमा और जीपीएफ

नियुक्ति दिनांक से सेवानिवृत्त दिनांक तक हुये कटौत्रे के आधार पर संबंधित विभाग द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला कोषालय में देयक प्रस्तुत कर शासकीय सेवक को भुगतान किया जाता है। संबंधित विभाग द्वारा नियुक्ति दिनांक से सेवानिवृत्त दिनांक से 04 माह पहले 5वी अनुसूची में जीपीएफ की अंतिम गणना कर जीपीएफ लेखा बुक सहित प्रकरण महालेखाकार ग्वालियर को प्रेषित किया जाता है। इसके बाद महालेखाकार ग्वालियर से भुगतान प्राधिकार प्राप्त होने पर संबंधित विभाग द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला कोषालय में देयक प्रस्तुत कर शासकीय सेवक को भुगतान किया जाता है।

### पेंशन व उपादान

संबंधित विभाग द्वारा पेंशन प्रकरण आईएफएमआईएस अन्तर्गत ऑनलाईन व ऑफलाईन मूल सेवापुस्तिका सहित जिला पेंशन कार्यालय को प्रेषित किया जाता है। इसके बाद पेंशन कार्यालय द्वारा प्रकरण का परीक्षण कर सेवानिवृत्त दिनांक के 7 दिवस उपरान्त पीपीओ जारी किया जाता है। पीपीओ जारी होने के बाद आगामी माह के प्रथम सप्ताह में पेंशन भुगतान देयक तैयार कर आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला कोषालय में देयक प्रस्तुत कर शासकीय सेवक को भुगतान किया जाता है।

संबंधित विभाग द्वारा पेंशन प्रकरण आईएफएमआईएस अन्तर्गत ऑनलाईन व ऑफलाईन मूल सेवापुस्तिका सहित जिला पेंशन कार्यालय को प्रेषित किया जाता है। इसके बाद पेंशन कार्यालय द्वारा प्रकरण का परीक्षण कर सेवानिवृत्त दिनांक के 7 दिवस उपरान्त पी.पी.ओ. जारी किया जाता है। पीपीओ जारी होने के बाद शासकीय आवास रिक्त करने एवं बकाया किराया भुगतान करने अन्य वसूलियां कार्यालय प्रमुख द्वारा करने के उपरान्त जिला पेंशन कार्यालय द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला कोषालय में देयक प्रस्तुत कर शासकीय सेवक को भुगतान किया जाता है।

# औदिच्य ब्राम्हण महिला मंडल ने रंग गुलाल लगाकर मनाया होली मिलन समारोह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

औदिच्य ब्राम्हण महिला मंडल का होली मिलन समारोह लटेरी रोड पर स्थित मंशापूरन हनुमान जी मंदिर पर सम्पन्न हुआ। होली मिलन कार्यक्रम की तैयारियां महिला मंडल द्वारा रंगपंचमी से की जा रही थी। रविवार को शाम को बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं मंदिर पर जुटी। यहां पर प्रमुख वक्ताओं ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल



लगाकर होली की बधाईयां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। वहीं संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति भी महिलाओं के द्वारा दी गई।

## पेंशनरों का होली मिलन समारोह हुआ आयोजित

**गंज बासौदा।** प्रगतिशील पेंशनरों वेलफेयर एसोसिएशन का होली मिलन कार्यक्रम बाँकडे हनुमान मंदिर के पास सम्पन्न हुआ। जिसमें रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित थे। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि हम सभी रिटायर्ड कर्मचारी अब संगठित हो चुके है और अगला प्रांतीय कार्यक्रम भी शीघ्र ही करने जा रहे हैं। हम सभी की मांग है कि प्रदेश के मुखिया को भी देश के प्रधानमंत्री की तरह पेंशनधारियों के हित में कार्य करना चाहिए जैसे केंद्र के रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए प्रधानमंत्री योजनाएं लागू करते है वैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री करने लगेंगे तो रिटायर्ड कर्मचारी बिल्कुल परेशान नहीं होंगे। प्रांतीय महामंत्री जगदीप सिंह राजपूत ने कहा कि हमारा संगठन कर्मचारियों के हित में बढ़चढकर कार्य कर रहा है। कर्मचारियों की मांगों को ध्यान में रखकर हमेशा एक जुट बना रहेगा। अब हम सभी प्रदेश स्तर पर कार्य कर रहे हैं। इसी के साथ सभी ने आपस में गुलाल तिलक लगाकर एक दूसरे से गले मिले।



## पीएम एक्सीलेंस अवार्ड के लिए केंद्रीय दल आज से विदिशा में

**सिरोंज !** विदिशा पीएम एक्सीलेंस अवार्ड 2025 अंतर्गत विदिशा जिले में केंद्रीय दल के उच्च स्तरीय अधिकारियों का भ्रमण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को प्रस्तावित है। मंगलवार कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से सौजन्य मुलाकात के उपरांत कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन। दोपहर 2 बजे ग्राम करारिया लश्करपुर के लिए प्रस्थान। 2.15 बजे ग्राम करारिया आगमन अतिथियों का स्वागत नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास, सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मिशन इंद्रधनुष के हितग्राही, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड के हितग्राहियों से मुलाकात एवं ब्रीफिंग, तीन बजे फील्ड विजिट प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देखना जल जीवन मिशन जलप्रदाय आंगनबाड़ी केंद्र का विजिट, मिशन इंद्रधनुष, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के हितग्राहियों से मुलाकात एवं अनुभव सांझा। साढे चार बजे ग्राम जम्बार बागरी हेतु प्रस्थान, 4.45 बजे ग्राम जम्बार बागरी आगमन एवं प्रधानमंत्री निर्माणाधीन कॉलोनी का अवलोकन, ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन का डेमोंसट्रेशन।

# 27000 बोरों की रिकॉर्ड आवक मंडी गेहूं के दामों में गिरावट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। शनिवार, रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी में जोरदार आवाक देखने को मिली चारों तरफ किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों ही नजर आ रही थी मंडी में गेहूं की आवक सबसे ज्यादा हो रही है 18000 के करीब केवल गेहूं की आवक दर्ज हुई इसके चलते मंडी में गेहूं के दामों में गिरावट भी देखने को मिली कई किसान तो दम कम मिलने पर अपनी ट्राली को वापस ले जाती हुई नजर आए दूसरी ओर जिन किसानों को मार्च क्लोजिंग में लेनदेन करना है उन्होंने दम कम मिलने पर भी अपनी फसल बेचना उचित समझा भरी आवाक के कारण धर्म कांटों पर तोल करवाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी आने वाले दिनों में और भी ज्यादा आवक होगी इन दोनों फसल कटाई की बाद किसानों मंडी करवाने के लिए आ रहे हैं। सबसे ज्यादा उत्पादन गेहूं का हो रहा है पिछले दिनों मंडी में गेहूं की कीमत अच्छी चल रही थी अब मंडी में सभी तरह के अनाज के दामों में गिरावट देखने के लिए समर्थन मूल्य पर खरीदारी प्रारंभ होते ही दाम गिर गए हैं।

गेहूं 2200 मीडियम 2700 से 4300 चना 4700-5330 मसूर 5270-6005 सरसों 5100-5500 सोयाबीन 3100-4098 तेवड़ा 3490-3760 बटरी 4300-5670 रुपए प्रति कुंटल तक भाव रहें।



### समर्थन मूल्य पर तुअर का पंजीयन पोर्टल शुरू

सिरोंज। विदिशा भारत सरकार के द्वारा प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत जिले में तुअर के पंजीयन का कार्य 25 मार्च से शुरू होगा जो 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आदेशित पत्र का हवाला देते हुए अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि तुअर पंजीयन के लिए जिले में दो केन्द्र विदिशा तहसील में विपणन सहकारी समिति मर्यादित विदिशा के द्वारा मार्केटिंग विदिशा परिसर में तथा लटेरी तहसील के विपणन सहकारी समिति मर्यादित लटेरी के द्वारा मार्केटिंग लटेरी परिसर में पंजीयन कार्य किया जाएगा। उक्त निर्धारित पंजीयन केन्द्रो के संस्था प्रबंधको को शासन के दिशा निर्देशानुसार समस्त भौतिक एवं मानव संसाधनो का नियोजन कर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश प्रसारित किए गए है ताकि पंजीयन अवधि में शत प्रतिशत किसानो के द्वारा तुअर फसल का पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करें ।

## नि:शुल्क अध्यनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति : प्रपोजल तैयार करने की तिथि बढ़ाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल अब 2 अप्रैल तक फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल लॉक करा सकेंगे**

विदिशा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2023-24 में नि:शुल्क अध्ययनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति हेतु गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों द्वारा फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल तैयार करने हेतु अंतिम तिथि में वृद्धि 25 मार्च से 02 अप्रैल 2025 कर दी गई है। राज्य शिक्षा केंद्र संचालक श्री हरजिंदर सिंह द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2011 के नियम(1)(सी) अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के नि:शुल्क अध्ययनरत छात्र, छात्राओं की सत्र 2023-24 हेतु फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल तैयार कर लॉक करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई थी, परन्तु कुछ अशासकीय स्कूलों द्वारा फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल तैयार नहीं किया गया है। इन अशासकीय स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नि:शुल्क अध्ययनरत छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए सत्र 2023-24 की फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल तैयार करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए पोर्टल से मंगलवार 25 मार्च से 02 अप्रैल 2025 तक फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल लॉक किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि तक यदि अशासकीय स्कूल जिनमें सत्र 2023-24 के छात्र नि:शुल्क अध्ययनरत हैं द्वारा फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल लॉक नहीं किया जाता है तो भविष्य में स्कूल को सत्र 2023-24 की फीस प्रतिपूर्ति की पात्रता नहीं होगी परन्तु अशासकीय स्कूल को स्वयं के व्यय पर छात्रों को निरंतर अध्ययन कराना होगा। शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

## कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के कार्यों की समीक्षा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आम नागरिकों की सेहत को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों से विक्रय होने वाले दूध व अन्य दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाइयों व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने के निर्देश दिए थे। प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में 17 मार्च से 23 मार्च 2025 अवधि में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर भ्रमण कर जांच की गई। इस दौरान सप्ताह अवधि में विदिशा जिले में 35 नमूने एकत्रित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं।



कलेक्टर श्री सिंह ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त कार्यों में तेजी लाते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों और दुकानों की जांच कर सैंपल लेने की संख्या बढ़ाई जाए। जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों और दुकानों से आम नागरिकों को दूषित खाद्य सामग्री न परोसी जाए का विशेष ध्यान रखते हुए जांच-परीक्षण और सैंपल लेने के कार्य सतत भ्रमण कर किए जाएं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बैठक के दौरान सप्ताह अवधि में जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानो व दुकानों से जो 35 नमूने एकत्रित किए गए हैं उनमें दूध एवं अन्य दुग्ध पदार्थों के 05 नमूने और अन्य खाद्य पदार्थों के 30 नमूने शामिल हैं। विकासखंड वार जानकारी अनुसार विदिशा विकासखंड में 04, सिरोंज में 09, गंजबासौदा विकासखंड में 09 और ग्यारसपुर में 13 सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं।

**मेट्रो एंकर** मध्यप्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक धरोहरों को यूनेस्को की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की, विरोध भी उभरकर आ रहा सामने

# गढ़कुंडार किले के इतिहास से न हो छेड़छाड़ : खंगार समाज

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक धरोहरों को यूनेस्को की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें गढ़कुंडार किले को बुंदेलाओं की धरोहर बताया गया है। खंगार क्षत्रिय समाज ने इसका विरोध किया है।

समाज के लोगों ने सोमवार को तहसील में एसडीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के दौरान समाज का कहना है कि गढ़कुंडार किला बुंदेलाओं का नहीं, बल्कि महाराजा खेतसिंह खंगार का है। उन्होंने 1182 ई. से 1347 ई. तक 165 वर्षों तक इस किले पर शासन किया। उनकी पांच पीढ़ियों ने यहां राज किया। किले का निर्माण भी महाराजा खेतसिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

समाज के अनुसार, महाराजा खेतसिंह की जयंती हर साल 27 दिसंबर को मनाई जाती है। 2006 में खंगार क्षत्रिय समाज ने विरोध किया। इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था। इसमें भाजपा के



तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए थे। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि यह जयंती मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से मनाई जाएगी। तब से हर साल यह आयोजन हो रहा है। इसमें लाखों की संख्या में खंगार समाज के लोग शामिल होते हैं। यह कार्यक्रम तीन दिन तक चलता है। मध्यप्रदेश सरकार के वार्षिक कैलेंडर में 27 दिसंबर को गढ़कुंडार महोत्सव के रूप में दर्शाया जाता है। इस दिन ऐच्छिक अवकाश भी घोषित होता है। खंगार समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गढ़कुंडार किले के इतिहास से छेड़छाड़ न की जाए। इसे यूनेस्को की सूची में महाराजा खेतसिंह खंगार के नाम से जोड़ा जाए। समाज के प्रतिनिधियों ने इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के युवा जिला अध्यक्ष रोहित परिहार करारी के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कई समाजजन मौजूद रहे।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 'जीटी' ने जीते हैं 56 फीसदी मैच

# गुजरात ने जहां जीता खिताब आज वहीं पंजाब से होगी भिड़ंत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन का पांचवां मुकाबला आज गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। गुजरात ने अपने होम ग्राउंड नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 16 मैच खेले। इसमें 9 जीते और 7 गंवाए। टीम ने अपना पहला आईपीएल टाइटल भी इसी मैदान पर जीता था। अपने पहले सीजन 2022 में टीम ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से फाइनल हराकर खिताब जीता था।

हेड टु हेड में गुजरात आगे आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 5 मैच खेले गए। 3 में तज्ञ और महज 2 में पीबीकेएस को जीत मिली। इस मैदान पर दोनों टीमें दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करेंगी। गुजरात की बैटिंग मजबूत गुजरात का बैटिंग डिपार्टमेंट बहुत मजबूत है। टीम ने इस सीजन जोस बटलर को शामिल कर ओपनिंग को बेहद मजबूत कर लिया। टीम को स्ट्रॉन्ग विकेटकीपिंग ऑप्शन भी मिला। फिनिशिंग में शेरफन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान और ग्लेन फिलिप्स जैसे स्थापित प्लेयर्स भी हैं।

पंजाब में कई मैच विनर्स पंजाब में श्रेयस अय्यर के रूप में स्टेबल कप्तान और मिडिल ऑर्डर बैटर है। वाधेरा, मैक्सवेल, शशांक, यानसन और शेडगे फिनिशिंग को मजबूत बना रहे हैं। अर्शदीप, चहल, ब्रार, यश ठाकुर और यानसन बॉलिंग को भी मजबूती दे रहे हैं।

पिच रिपोर्ट अहमदाबाद की पिच बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। यहां अब तक आईपीएल के 35 मैच खेले गए। 15 में पहले बैटिंग और 20 में चेज करने वाली टीम को जीत मिली। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 233/3 है, जो गुजरात



टाइटंस ने 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाया था। पिच रिकॉर्ड और ड्यू फैक्टर को देखते हुए टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग चुन सकती है। वेदर रिपोर्ट मंगलवार को अहमदाबाद का मौसम काफी गर्म रहेगा। पूरे दिन तेज धूप रहेगी। बारिश की बिल्कुल भी संभावना नहीं है। मैच वाले दिन यहां का तापमान 24 से 41 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

**पॉसिबल प्लेइंग-12 गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, साई किशोर/ईशांत शर्मा, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, शशांक सिंह, मार्कस स्टोयनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहल वाधेरा, सूर्यांश शेडगे, मार्को यानसन, हरप्रीत ब्रार, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल।

विकेटकीपर विकेटकीपर के तौर पर जोस बटलर और प्रभसिमरन सिंह को चुन सकते हैं। जोस बटलर चैंपियंस ट्रॉफी के खेले 3 मैचों में 77.35 की स्ट्राइक से 82 रन बनाए हैं। वहीं पिछले साल आईपीएल के खेले 11 मैचों में 140.78 की स्ट्राइक से 359 रन बनाए हैं। जिसमें दो शतक भी शामिल है। प्रभसिमरन सिंह इस साल के शुरुआत में संपन्न वनडे के घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी के खेले 8 मैचों में 128.68 की स्ट्राइक से 498 रन बनाए हैं। अपनी पारी में 3 शतक भी जमाए हैं। वहीं पिछले साल आईपीएल के खेले 14 मैचों में 156.81 की स्ट्राइक से 334 रन बनाए हैं। अपनी पारी में 2 अर्धशतक भी शामिल हैं। बैटर्स बल्लेबाज के तौर पर श्रेयस अय्यर, शशांक सिंह, शुभमन गिल और साईं सुदर्शन को शामिल कर सकते हैं। श्रेयस अय्यर हाल ही में संपन्न हुई चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर टीम इंडिया के टॉप स्कोरर थे।

### हरमनप्रीत, स्मृति व दीप्ति ग्रेड में बरकरार

# 16 महिला खिलाड़ियों को मिला बीसीसीआई का एनुअल कॉन्ट्रेक्ट

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिला खिलाड़ियों के सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा कर दी है। 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 के लिए घोषित सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में 16 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछली बार 17 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया था। ग्रेड ए में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को बरकरार रखा गया है। पिछली बार की तुलना में ग्रेड बी में कम खिलाड़ी पिछली बार 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक जारी क्रॉन्ट्रेक्ट लिस्ट में ग्रुप बी में 10 खिलाड़ी को शामिल किया गया था। इस बार जारी लिस्ट में केवल 4 खिलाड़ियों को ही ग्रुप बी में जगह दी गई है। इसमें रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्ज, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को शामिल किया गया है। महिलाओं को 2015 में मिला था करार साल 2015 में महिला क्रिकेटर्स को पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिला था। तब ग्रेड ए में 15 लाख और बी में 10 लाख मिलते थे। तब पुरुष क्रिकेटर्स को ए ग्रेड में एक करोड़, बी में 50 लाख व सी में 30 लाख मिलते थे। 2018 में महिला वर्ग में ग्रेड सी शामिल हुआ।



अब महिला क्रिकेटर्स को ग्रेड ए में 50 लाख, बी में 30, सी में 10 लाख की राशि मिलती है। वहीं पुरुषों को ए+ में 7 करोड़, ए में 5 करोड़, बी में 3 करोड़, सी में एक करोड़ मिलते हैं। मैच फीस बराबर पर, सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में अलग-अलग बीसीसीआई ने साल 2022 में पुरुषों और महिलाओं को बराबर मैच फीस देने का ऐलान किया था, लेकिन एनुअल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट अलग-अलग है। पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट में 4, जबकि महिलाओं की 3 कैटेगरी हैं। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात है कि ग्रेड महिला क्रिकेटर्स को जो अमाउंट मिलता है, वह सी ग्रेड पुरुष क्रिकेटर्स से भी कम है। इसे एक मिसाल से समझिए दरअसल, महिलाओं में ग्रेड प्लेयर्स को 50 लाख रुपए सालाना मिलते हैं। दूसरी तरफ, पुरुषों के सी ग्रेड में शामिल प्लेयर्स को एक करोड़ रुपए मिलते हैं।

### फुटबॉल

## आज भारत और बांग्लादेश के बीच होगी भिड़ंत

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत और बांग्लादेश के बीच एएफसी एशियन कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच आज खेला जाएगा। इस मैच में बांग्लादेश की ओर से इंग्लिश प्रीमियर लीग खिलाड़ी हमजा चौधरी पदार्पण करने जा रहे हैं, जिसे लेकर उनके कप्तान जमाल भुयान काफी उत्साहित हैं। जमाल ने तंज कसते हुए कहा कि हमजा की भारतीय दिग्गज सुनील छेत्री से कोई तुलना नहीं है। गौरतलब है कि छेत्री ने हाल में संन्यास से वापसी की है और मालदीव के खिलाफ पिछले मैच में टीम को जीत दिलाई है। बांग्लादेशी कप्तान ने कहा कि छेत्री उनके स्टार हमजा के आगे टिक नहीं पाएंगे।

**हमजा की मां हैं बांग्लादेशी**: हमजा का जन्म इंग्लैंड के लीस्टरशायर में हुआ था और वे इंग्लैंड की अंडर-21 व अंडर-23 फुटबॉल टीम के लिए खेल चुके हैं। उनकी मां बांग्लादेशी हैं, इसलिए वे इस देश की राष्ट्रीय टीम से खेलने के पात्र हैं। हमजा ने सात साल की उम्र से फुटबॉल खेलना शुरू किया था। उन्हें जल्द ही लीसेस्टर सिटी एकेडमी में दाखिला मिल गया था। 2017 में उन्होंने प्रीमियर लीग में पदार्पण किया। शेफील्ड यूनाइटेड के लिए खेलते हैं -हमजा प्रीमियर लीग में शेफील्ड यूनाइटेड के लिए खेलते हैं, जिसने उसे लीसेस्टर सिटी से लोन पर लिया है। बांग्लादेशी कप्तान ने कहा, हमजा हमारे मेसी हैं। छेत्री ने भारत के लिए कई उपलिब्धयां हासिल की हैं, लेकिन ईमानदारी से कहें तो हमजा प्रीमियर लीग खिलाड़ी हैं।

### दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 अहमदाबाद में

# शूटिंग खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने जीते 2 पदक, गौरांशी ने जीता कांस्य

**भोपाल, एजेंसी**

20 से 24 मार्च तक दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग, टेबल टेनिस और टेनिस चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन अहमदाबाद (गुजरात) में किया गया। अहमदाबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में आज म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने शानदार खेल प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण और 1 रजत सहित 2 पदक अर्जित किये। अहमदाबाद (गुजरात) में हो रही राष्ट्रीय डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ी ने शूटिंग (रायफल) ने 50मी. रायफल 3पोजीशन स्पर्धा में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण एवं 50 मी. रायफल प्रोन में 1 रजत पदक सहित कुल 2 पदक अपने



नाम किया। उल्लेखनीय है कि शूटिंग खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत शूटिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक जोयदीप कर्माकर और सहा. प्रशिक्षक वैभव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं। इसी चैम्पियनशिप में खेल अकादमी की बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा ने बैडमिंटन के सिंगल इवेन्ट में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के बैडमिंटन खेल का स्वर्ण तमिलनाडू और रजत उत्तरप्रदेश के नाम रहा। प्रतियोगिता का दूसरा कांस्य पदक पंजाब ने अर्जित किया। विजेता खिलाड़ियों कुशाग्र सिंह राजावत और गौरांशी शर्मा के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी।

## मोना अग्रवाल का पैरा निशानेबाजी में स्वर्णिम निशाना

**चांगवोंग, एजेंसी**



भारतीय पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। मोना ने महिलाओं की आर-2 दस मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-1 स्पर्धा के फाइनल में 250.8 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। विश्व कप प्रतियोगिता में अवनि लेखरा के भाग नहीं लेने की वजह से मोना एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि थी। मोना ने पिछले महीने पैरा निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया था।

### फ्रेंच लीग-1- पीएसजी ने लॉरियंट को 4-1 से धोया

# 14 साल बाद एवर्टन से हारा लिवरपूल

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में 16वें नंबर पर काबिज एवर्टन ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए मुकाबले में उलटफेर करते हुए दूसरे स्थान पर स्थित लिवरपूल के खिलाफ 2-0 से शानदार जीत दर्ज की। एवर्टन ने 14 साल बाद अपने घर में लिवरपूल को शिकस्त दी है। इसके अलावा, एवर्टन ने लगातार 12 मुकाबलों के बाद लिवरपूल को हराया। इस दौरान एवर्टन ने तीन हारे और नौ ड्रॉ खेले। वहीं, इस हार से लिवरपूल के दूसरी बार खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

अंक संग लिवरपूल दूसरे स्थान पर, 34 मैचों में 22 जीते 74 अंक संग आर्सेनल शीर्ष पर, 34 मैचों में 24 में जीत दर्ज की।



**इन्होंने दागे गोल-** एवर्टन को शुरुआती बढ़त 27वें मिनट में जेरार्ड ब्रेथवेट ने दिलाई। इसके बाद, डोमिनिक लेविन ने 58वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। लिवरपूल ने इस मैच में कई मौके गंवाए। लिवरपूल के खिलाफ मैच जीतने के बाद एवर्टन के खिलाड़ियों ने कुछ इस अंदाज में जीत का जोरदार जश्न मनाया।

### पिछले तीन मैचों में दूसरी हार का सामना किया

लिवरपूल के 34 मैचों में 74 अंक हैं। वो शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से तीन अंक पीछे है और लीग में सिर्फ चार मैच बाकी रह गए हैं। लिवरपूल को पिछले तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है।



# शेयर बाजार में विदेशी निवेशक लौटे, बॉन्ड की ओर रहा झुकाव

## मेट्रो बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला थमा है। पिछले सप्ताह विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर खरीदे, जिससे 21 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान एफआइआइ की कुल निकासी केवल 1,794 करोड़ रुपए रही। इससे सेंसेक्स-निफ्टी 4 फीसदी से अधिक चढ़ा। मार्च में एफआइआइ ने 15,000 करोड़ रुपए निकाले हैं।




वैश्विक स्तर पर तनाव में कुछ राहत और रूस-यूक्रेन युद्ध में कमी की उम्मीदों के बीच विदेशी निवेशकों (एफपीआइ) की निकासी थमती नजर आई है। यह लगातार 15वां हफ्ता है जब एफपीआइ ने भारतीय बाजार से पैसा निकाला है। हालांकि, मार्च में उन्होंने भारतीय बॉन्ड यानी ऋण बाजार में 10,955 करोड़ रुपए का निवेश किया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार की चाल ग्लोबल ट्रेंड, टैरिफ से जुड़े अपडेट और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। साथ ही अमरीका में जीडीपी के आंकड़े जारी होंगे, जो दुनियाभर के शेयर बाजारों को प्रभावित करेंगे। मोतीलाल ओसवाल के सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आकर्षक वैल्यूएशन और आर्थिक पुनरुद्धार के संकेतों से एफआइआइ भारतीय बाजार में लौट सकते हैं।

## मैग्नीशियम साइकिल रीटेल स्टोर्स पर अवेलेबल

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा इंटरनेशनल की सब्सिडियरी कंपनी स्ट्राइडर साइकिल्स ने भारत में साइकिलों की कॉन्टिनो रेंज लॉन्च की है। इसमें कॉन्टिनो गैलेक्टिक 27.5टी को पेश किया गया है। कंपनी का दावा है कि ये भारत की पहली मैग्नीशियम फ्रेम वाली साइकिल है। कंपनी ने इसकी कीमत 27,896 रुपए रखी है। कॉन्टिनो गैलेक्टिक 27.5टी देश भर में स्ट्राइडर साइकिल रीटेल स्टोर्स पर अवेलेबल है और इसे कंपनी की वेबसाइट के साथ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजान से भी खरीदा जा सकता है। साइकिल मिलिट्री ग्रीन और ग्रे कलर में अवेलबल है। मैग्नीशियम फ्रेम ट्रेडिशनल एल्यूमीनियम फ्रेम की तुलना में हल्के और मजबूत होते हैं, जो ऑफ-रोडिंग के लिए आईडियल माने जाते हैं। ये वाइब्रेशन को ज्यादा अब्जॉर्ब करता है। इससे राइडिंग आरामदायक बनाने में मदद कर सकता है। कॉन्टिनो गैलेक्टिक 27.5 टी कई फीचर्स से लैस है। इसमें डुअल डिस्क ब्रेक, स्मूथ गियर शिफ्टिंग के लिए फ्रंट और रियर डिरेलियर, लॉक-इन/लॉक-आउट टेक्नीक के साथ फ्रंट सस्पेंशन फोर्क शामिल हैं। साइकिल की टॉप स्पीड है।




### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# खुद से कम उम्र की भूमिका निभाने में लारा को नहीं है दिलचस्पी



बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता आखिरी बार वेब सीरीज 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में दिखी थी। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी उम्र के हिसाब से किरदार करने को लेकर बात की है। दरअसल, एक बातचीत में उनसे पूछा गया कि पुरुष अक्सर अपनी वास्तविक उम्र से बेहद ही कम उम्र के किरदार कैसे निभाते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। लारा दत्ता ने अपनी बात को रखते हुए कहा, महिलाओं को अपनी उम्र के हिसाब से रोल मिल रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि ऐसा आगे भी होगा। क्योंकि अब तक के सबसे लंबे समय में हमने कभी भी इस देश में एक निश्चित उम्र से अधिक की महिलाओं का किरदार नहीं किया। यह हमेशा कॉलेज जाने वाली या 20 साल के हीरो के पहली बार प्यार में पड़ने वाला था। उन्होंने कहा, स्क्रीन पर महिलाओं का किरदार या तो मां का था, जिसने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। या फिर बुरी सास या पीड़ित बहू, वास्तविक महिलाओं को नहीं दिखाया गया। वह अपनी नई वेब सीरीज 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में एक राजनेता की भूमिका निभा रही हैं। इससे पहले उन्होंने बेलबॉटम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। लारा ने कहा, इसलिए मुझे यह पसंद है कि आज स्क्रीन पर ऐसी महिलाएं हैं जो सभी रूपों में हैं। आप जानते हैं शक्तिशाली महिलाएं और कमजोर महिलाएं, लेकिन जो महिलाएं 40, 50, 60, 70 की हैं, उन्हें अब स्क्रीन पर देखा जा रहा है, इसलिए मुझे उस किरदार को निभाने में कोई दिलचस्पी नहीं है जो अभी मेरी उम्र से कम हैं। उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वे 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में दिखाई दी थी। लारा दत्ता के साथ इसमें जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और आशीष विद्यार्थी समेत कई अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा उनके पास 'वेलकम टू द जंगल' और 'रामायण' जैसी फिल्में हैं।

# कई साल पहले संजय लीला भंसाली से काम मांगने गए थे फरदीन खान



फरदीन खान ने एक ताजा साक्षात्कार में बताया कि वह 2000 के दशक की शुरूआत में संजय लीला भंसाली से काम मांगने के लिए उनके दफ्तर गए थे। दोनों के बीच करीब 10 से 15 मिनट तक बातचीत हुई थी। फरदीन खान संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' से स्क्रीन पर वापसी की थी। उन्हें पर्दे पर दिखे एक दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। फरदीन और उनके फैंस उनकी वापसी को लेकर काफी उत्साहित थे। फरदीन खान ने एक ताजा साक्षात्कार में बताया कि वह 2000 के दशक की शुरूआत में संजय लीला भंसाली से काम मांगने के लिए उनके दफ्तर गए थे। दोनों के बीच करीब 10 से 15 मिनट तक बातचीत हुई थी, लेकिन फरदीन काम पाने में नाकाम रहे। फरदीन ने याद करते हुए बताया कि भंसाली ने उनसे कहा था कि वह उनके साथ काम नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें फरदीन की आंखों में वह आग नहीं दिखाई देती। जब फरदीन खान को संजय ने काम देने से मना कर दिया था तो उन्हें काफी बुरा लगा था। भंसाली ने फिल्म ब्लैक में फरदीन के लिए लिखा था।



## श्रुति हासन-शांतनु हजारिका की राहें जुदा!

श्रुति हासन अपने काम के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी जबरदस्त सुर्खियां बटोरती हैं। बीते दिन श्रुति और उनके बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम से एक-दूजे को अनफॉलो कर दिया, जिसके बाद इनके अलगाव की खबरें इंटरनेट जगत में छा गईं। श्रुति और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। इस जोड़े ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया और श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम फीड से उनकी एक साथ की तस्वीरें भी हटा दीं।

## सड़क हादसे में घायल युवती की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर इलाके में सड़क हादसे में घायल हुई एक युवती की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस हादसे में घायल हुई दो अन्य युवतियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल पाया है। घायलों के बयान के बाद ही आरोपी वाहन का पता चल पाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सनी मैथ्यू (24) बैरागढ़ स्थित एक छात्रावास में रहती थी और पढाई करती थी। रविवार दोपहर वह अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ एक ही स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी। गांधी नगर इलाके में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवतियां स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गई। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां सनी मैथ्यू की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।



जेलबंदी महिला की अस्पताल में मौत इधर गांधी नगर थानांतर्गत केंद्रीय जेल में बंद एक महिला बंदी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सुनीता पत्नी श्याम (42) को मादक पदार्थ की तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह सेंट्रल जेल में बंद थी। पिछले दिनों तबीयत खराब होने के कारण सुनीता को इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला को अस्थमा समेत कई प्रकार की बीमारियां थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

## दो बाइक आपस में टकराई, एक की मौत

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-विदिशा रोड पर बायपास चौराहा पर रविवार रात दो बाइक आपस में भिड़ गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक को गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुनील रजक पिता छोटेराम रजक (30) गांव कल्याणपुर सूखीसेवनिया में रहता था और पुताई के ठेके लेता था। रविवार रात वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। बायपास चौराहा पर पहुंचते ही भोपाल-विदिशा रोड पर उसकी बाइक को सामने से आ रहे बाइक सवार संदीप विश्वकर्मा ने रात करीब सवा 8 बजे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों ही बाइक सवारों को गंभीर चोट आई थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया था। वहां इलाज के दौरान सुनील रजक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घायल संदीप विश्वकर्मा (30) बैरसिया में रहता हैं। उसकी तबीयत में सुधार होने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। बयान में ही हादसे के सही कारण सामने आ सकेंगे।



## केंद्रीय जेल में महिला बंदी की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर स्थित केंद्रीय जेल में एनडीपीएस एक्ट में बंद महिला बंदी की इलाज के दौरान एम्स में मौत हो गई। ब्रेन कैंसर की बीमारी के कारण जेल से महिला को एम्स में भर्ती कराया गया था। करीब एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सुनीता कुंचबंदिया पत्नी श्याम (42) एनडीपीएस के प्रकरण में विदिशा की जेल में बंद थी। महिला बंदी को ब्रेन कैंसर था। कुछ दिन पहले इलाज के लिए सुनीता को केंद्रीय जेल भोपाल शिफ्ट किया गया था। करीब एक सप्ताह पूर्व महिला बंदी को ए स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार दोपहर मौत हो गई।



### चेन लेने के बहाने ज्वैलरी शॉप में घुसा नकाबपोश, नकाब हटाने का कहा तो तान दी पिस्टल

# ज्वैलर्स और कर्मचारी ने पकड़ा तो किए दो फायर, गनीमत रही नहीं लगी किसी को गोली

- - बदमाश को पकड़कर जमकर पीटा, किया पुलिस के हवाले
- - सर्राफा व्यापारी संघ ने जताया आक्रोश कहा सुरक्षा के लिए मुहैया कराया जाए सस्त्र और लायसेंस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में सोमवार दोपहर ज्वैलरी शॉप में लूटपाट की नियत से घुसे नकाबपोश बदमाश ने ज्वैलर्स पर पिस्टल अड़ा दी। ज्वैलर्स और उनके कर्मचारी ने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने लगातार दो फायर भी किए।

गनीमत रही कि फायर होने से गोली ज्वैलर्स और उनके कर्मचारी को नहीं लगी है। ज्वैलर्स और उनके कर्मचारी ने बहादुरी का परिचय देते हुए बदमाश को दबोचकर पहले तो जमकर पीटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ लूट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मनोज जैन विष्णु हाईटेक सिटी बावड़िया कलां में रहते हैं। रोहित नगर में उनकी अक्षांश ज्वैलर्स के नाम से ज्वैलरी शॉप है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे मनोज ने दुकान पर पहुंचे। उनके साथ कर्मचारी विनोद दरसानिया था।

दुकान खुलते ही एक बजे के आसपास एक नकाबपोश युवक दुकान पहुंचा। उसने सोने की चेन दिखाने का कहा। मनोज ने कहा कि पहले अपना नकाब हटाओ। यह सुनते ही आरोपी ने पास में रखी पिस्टल निकाली और दुकान में रखा गोल्ड और चांदी देने की बात कही। मनोज ने विरोध किया तो आरोपी ने हवा में दो गोलियां चलाकर उन्हें धमकाया। गल्ला खोलकर जेवरात और नकदी जेब में रखी। इसमें विनोद भी आ गया।

आरोपी ने उसे भी पिस्टल दिखाकर डराया और शांत रहने को कहा। आरोपी काउंटर पर गल्ले की तरफ बढ़ा। उसने गल्ला खोला और उसमें रखे कुछ रिपेरिंग के जेवरात व नकदी पांच हजार रुपए उठा ली। आरोपी नकदी व ज्वेलरी जेब में भरने लगा। मनोज ने उसे बातों में उलझाया। और आगे बढ़े। आरोपी ने फिर से दो गोलियां चलाई, लेकिन फायर मिस हो गया। तभी मौका मिलते ही मनोज ने उसे दबोच लिया। यह देखकर विनोद को भी हिम्मत आ गई। वह उनका साथ देने लगा। दोनों ने मिलकर आरोपी को जमकर पीटा। आवाज सुनकर पड़ोसी भी मदद के लिए आ गए। आरोपी के साथ मारपीट कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### नकली पिस्टल समझकर किया विरोध

ज्वैलर्स विनोद ने बताया कि उन्हें कुछ समझ नहीं आया वह केवल बदमाश पर नजर रखे हुए थे। उन्हें लगा कि वह नकली पिस्टल दिखाकर धमका रहा है और मौका मिलते ही उसे दबोच लिया। कर्मचारी विनोद ने साहस दिखाया और दोनों ने शोर किया, तभी पड़ोस के अन्य दुकानदार भी पहुंच गए।

### देरी से पहुंची पुलिस

विनोद का कहना है कि बदमाश को दबोचने के बाद वह उसे दुकान पर लेकर बैठे रहे, लेकिन आधा घंटे तक डायल 100 की टीम नहीं पहुंची। घटनास्थल से एक व्यक्ति को थाने भेजा गया तब जाकर वहां से दो हेड कांस्टेबल आए थे, जो आरोपी को अपने साथ लेकर थाने पहुंचे और उसके खिलाफ कार्रवाई की। आरोपी की पहचान शिवम जायसवाल निवासी आईपीएस स्कूल के पास 11 मील के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ लूट और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### सर्राफा संघ में आक्रोश, कहा मिले सस्त्र लायसेंस

दिनदहाड़े बदमाश द्वारा की गई इस वारदात से सर्राफा व्यापारी संघ आक्रोश में है। भोपाल सराफा महासंघ संगठन मंत्री प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने कहा कि यह चिंता का विषय है। सरार्फा व्यापारियों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। सुरक्षा के लिए शासन को कड़े कदम उठाना चाहिए और सुरक्षा के लिए हथियारों को रखने की अनुमति देना चाहिए।

## ट्रेन में सफर के दौरान चार यात्रियों के मोबाइल चोरी

**जीआरपी भोपाल और रानी कमलापति में दर्ज हुई एफआईआर**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। भोपाल और रानी कमलापति जीआरपी ने चार यात्रियों के मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज की है। जीआरपी भोपाल ने बताया कि शहडौल निवासी संतोष साहू ने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ भोपाल से उज्जैन की यात्रा करने रेलवे स्टेशन भोपाल पहुंचे। प्लेटफार्म नंबर-2 पर भीड़भाड़ थी। उन्होंने अपना मोबाइल लोवर की जेब में रखा था। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनकी जेब से मोबाइल चुरा लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 35 हजार रुपए बताई जा रही है। प्लेट फार्म नंबर 3 से यात्री का मोबाइल चोरी सागर निवासी सत्यम रजक ने शिकायत करते हुए बताया कि वह भोपाल से सागर की यात्रा करने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। प्लेटफार्म नंबर 3 पर इटारसी तरफ नल पर पानी पीने के बाद उन्होंने देखा तो पेंट की जेब से मोबाइल चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई जा रही है। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए जा रहे हैं। मैसूर जयपुर एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी इंदौर निवासी आकाश उपाध्याय ने शिकातय दर्ज करते हुए बताया कि वह मैसूर जयपुर एक्स के पीछे के जनरल कोच में बैतुल से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन भोपाल आने के पहले देखा कि तो उनकी पेंट की जेब में रखा मेरा मोबाइल नहीं था। उन्होंने कोच में मोबाइल तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।



### नगरीय पुलिस उपायुक्त ने किए 47 पुलिसकर्मियों के तबादले

भोपाल। नगरीय पुलिस उपायुक्त द्वारा 47 पुलिसकर्मियों की तबादला सूची जारी की गई है। जारी तबादला सूची के अनुसार, कटारा हिल्स थाना प्रभारी रहे बृजेंद्र निगम को कटारा थाने से रक्षित केंद्र भेजा गया है। कटारा हिल्स थाने का प्रभार संभाल रहे कार्यवाहक उप निरीक्षक बृजेंद्र निगम की जगह कुछ दिन पहले ही निरीक्षक गोपाल कृष्ण शुक्ला को थाने का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार एसआई केंशांत शर्मा को एमपी नगर कोलार थाने भेजा गया। एसआई कमलेश चौहान रक्षित केंद्र में थे और उन्हें निशातपुरा थाने भेजा गया। उप निरीक्षक आरती मंडलोई को रक्षित केंद्र से उपायुक्त कार्यालय पुलिस मुख्यालय भेजा गया। कार्यवाहक उप निरीक्षक अरविंद जाट को बैरागढ़ थाने से गौतम नगर थाने भेजा गया। इसी प्रकार कुल कार्यवाहक उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल सहित 47 आरक्षकों का तबादला किया गया।

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपटा

**सीसीटीवी फुटेज चैक कर रही पुलिस**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित न्यू फेमस होटल के सामने रविवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपट लिया। घटना के समय युवक अपने बेटे का इलाज कराने के लिए सीधी से भोपाल आया था। पुलिस ने घटना की तस्दीक करने के बाद अज्ञात झपटमारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही है। जानकारी के अनुसार फरियादी वीरेंद्र जायसवाल मूलत सीधी के रहने वाले हैं। वह अपने बेटे के पथरी का इलाज करवाने के लिए भोपाल आए थे। रविवार सुबह वह ट्रेन से उतरने के बाद वह अशोका गार्डन के न्यू फेमस होटल के पास खड़े होकर सवारी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच करीब 5 बजे उन्होंने बेटे को मोबाइल थमाया और पास ही लघुशंका करने चले गए। इस दौरान मोबाइल पर कॉल आया तो बेटा बातचीत करने लगा। वीरेंद्र वापस लौटते, उसके पहले बाइक सवार दो बदमाश उनके बेटे के पास पहुंचे



### चर्च से लौट रही नर्सिंग छात्राओं की एक्टिवा डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित मेपल ट्री कॉलोनी, जेल रोड पर रविवार दोपहर चर्च से लौट रही छात्राओं की एक्टिवा डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में एक्टिवा चला रही छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसकी दो सहेलियों को चोट होने के कारण उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआई प्रवीण सिंह ने बताया कि शानी मैथ्यू (22) मूलत- केरल की रहने वाली थी और बीएससी नर्सिंग की फोर्थ ईयर की छात्रा थी। इन दिनों वह निजी मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रही थी। रविवार दोपहर शानी मैथ्यू अपनी सहेली सोना जॉर्ज और शैरिल जॉर्ज के साथ एक्टिवा से चर्च गई थी। एक्टिवा शानी चला रही थी।

**मेट्रो एंकर** आरोपी जानता था घर की आर्थिक स्थिति, पता चला परिवार जा रहा है ओंकारेश्वर

## बेटे के दोस्त ने व्यापारी के घर की तीस लाख रुपए की चोरी, इंदौर में गोल्ड बेचकर बनवाई सिल्ली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा पुलिस ने जय भवानी परिसर सोसायटी में रहने वाले व्यापारी के घर हुई तीस लाख की नकबजनी का खुलासा कर दिया है। नकबजनी की वारदात व्यापारी के दोस्त के साथी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। दरअसल, दोस्ती होने के कारण आरोपी को व्यापारी के बेटे ने बताया था कि वह परिवार के साथ ओंकारेश्वर जा रहा है। आरोपी व्यापारी की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी थी और उसने वारदात को अंजाम दे दिया। वारदात में हाथ लगा गोल्ड आरोपी ने इंदौर एक व्यापारी की मदद से गलाकर सिली बना ली थी। जानकारी के अनुसार गोपाल प्रसाद अग्रवाल जय भवानी सोसायटी शाहपुरा में रहते हैं। उनका पांच नंबर में सुपर बाजार है। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया था कि 18 मार्च की दोपहर वह परिवार के साथ ओंकारेश्वर चले गए थे। वहां से अगले ही दिन 19 मार्च की रात करीब दस बजे घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा कुंदा सहित टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा है और उसमें रखी नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। उनके घर से नगदी समेत 30 लाख रुपए का समान चोरी हुआ था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मिले थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आशुतोष श्रीवास्तव को हिरासत में लिया था। आशुतोष व्यापारी के बेटे पीयुष का दोस्त निकला। एक दिन पहले हुई थी बात 33 साल का आशुतोष श्रीवास्तव, शीतल हाइट मिसरोद में रहता हैं और इन दिनों इंदौर में ट्रैवल्स एजेंसी का संचालन कर रहा है। व्यापारी के बेटे पीयूष और आशुतोष की दोस्ती है। दोनों की घटना से एक दिन पहले बातचीत हुई थी। इस दौरान पीयूष ने बताया था कि परिवार के साथ ओंकालेश्वर जा रहा हूं। यह सुनते की परिवार ओंकालेश्वर जा रहा है। आशुतोष ने अपने साथी जितेंद्र उर्फ जीतू मीणा (30) निवासी सतलापुर, मंडीदीप, जिला रायसेन के साथ मिलकर योजना बनाई और उनके घर के मुख्य गेट का ताला और कुंदा तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। इंदौर के व्यापारी को दिए जेवरात बनवाई सिली आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि चोरी में हाथ लगा गोल्ड और



## बैंड मास्टर चौराहा पर सरेराह हत्या करने वाला पांचवा आरोपी गिरफ्तार

**मोबाइल में नई सिम डालते ही आरोपी हुआ ट्रैस, प्रेम प्रसंग में की थी आदिल की हत्या**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तलैया थाना क्षेत्र स्थित बकरा मार्केट में आदिल की सरेराह चाकू गोदकर हत्या करने वाले फरार पांचवे आरोपी रौनक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दो दिन पहले ही मोबाइल में नई सिम डाली थी। सिम डालकर मोबाइल स्टार्ट करते ही पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रैस कर ली। आरोपी को आगरा से गिरफ्तार किया गया है। वह अपने रिश्तेदार के घर छिपा था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च की सुबह करीब 8 बजे किन्नर अलवीरा उर्फ महक और रौनक उर्फ अमन, बैंक मास्टर चौराहा के पास बकरा मार्केट से एक ऑटो में सवार हो रहे थे। इसी बीच बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी आदिल ने चाकू से अलवीरा पर हमला कर दिया। अलवीरा ने गली में भागकर अपनी जान बचाई। इस बीच रौनक समेत रहमान, नवाब और ड्रायवर ने आदिल से चाकू छीनकर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में अलवीरा, नवाब, रहमान व ड्रायवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि आरोपी रौनक घटना के बाद से ही फरार था। प्रेम-प्रसंग में गई आदिल की जान थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि आरोपी अलवीरा किन्नर से पहले आदिल की दोस्ती थी, लेकिन बाद में अलवीरा ने आदिल का साथ छोड़कर रौनक से दोस्ती कर ली।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022